# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 216 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 04 जूलाई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

नोएडा प्राधिकरण को कोर्ट से झटका : गार्डेनिया





P- 4

ज्ञानवापी के वज़ूखाने के सर्वे की मांग पर सुनवाई टली





P- 5

या भारतीय मूल की कमला हैरिस होंगी अमेरिका की अगली






P- 6

हार्दिक पंड्या ने वानिंदु हसरंगा से छीनी बादशाहत, भारतीय




## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो?
पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है...
गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं. पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से से लाल हो गई।




## शायरी

खेतों का पानी अब आखों में आ गया हैं,
मेरे गाँव का किसान अब शहर में आ गया हैं!

## अर्थसार

संसेक्स:
79,986.80
+545.34 (0.69%)
निफ्टी:
24,286.50
+162.65



## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 30
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 37

# झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने दिया इस्तीफा

## 152 दिन का रहा कार्यकाल, आज शाम सीएम पद की शपथ ले सकते हैं हेमंत सोरेन

रांची। जेल से बाहर निकलने के बाद एक बार फिर से हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। सीएम चंपाई सोरेन ने बुधवार शाम 7.20 बजे राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया।

चंपाई सिर्फ 152 दिन झारखंड के सीएम रहे। 2 फरवरी 2024 को वे सीएम बने थे। चंपाई सोरेन ने कहा कि गठबंधन का जो फैसला था उसी के अनुसार मैंने काम किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई जी ने अपनी बात कह दी है। ये गठबंधन का फैसला है।

इस दौरान उन्होंने महागठबंधन विधायक दल के विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। अब राज्यपाल कभी भी हेमंत सोरेन को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इससे पहले रांची में सीएम हाउस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। सभी विधायकों को सीएम हाउस में ही रहने को कहा गया है।

### हमारे गठबंधन ने नेतृत्व परिवर्तन का निर्णय लिया- चंपाई सोरेन

चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कहा कि हमारे गठबंधन की बात है, दल के अंदर विचार करके निर्णय लिया जाता है। बीते दिनों घटित हुए राजनीतिक घटनाक्रम को आप सभी जानते हैं। जब हमलोगों ने नेतृत्व परिवर्तन किया था, मुझे दायित्व सौंपा गया था। अब हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गए है। गठबंधन में शामिल घटक दलों ने हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुनने का निर्णय लिया। इसके बाद हमने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।



# मणिपुर में स्कूल-सरकारी दफ्तर बंद

## असम में बाढ़ से तीन की मौत, 11 लाख लोग प्रभावित; दिल्ली-राजस्थान समेत 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली। मानसून ने तय समय से 6 दिन (2 जुलाई) पहले ही पूरे देश को कवर कर लिया है। देशभर के तकरीबन सभी राज्यों में भारी बारिश हो रही है। नॉर्थ-ईस्ट में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। मणिपुर और असम में बाढ़ आ गई है। मणिपुर सरकार ने बुधवार (3 जुलाई) को राज्य के सभी सरकारी दफ्तरों में छुट्टी की घोषणा की है, जबकि स्कूल आज और कल यानी 4 जुलाई तक बंद रहेंगे। मंगलवार (2 जुलाई) को सेनापति नदी में गिरे 25 साल एक व्यक्ति का शव निकाला गया। भारत-म्यांमार सड़क के 3 किमी से अधिक हिस्से में भी बाढ़ आ गई है। 1000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

असम में भी तीन लोगों की बाढ़ से जान चली गई। इससे राज्य में इस साल बाढ़, लैंडस्लाइड और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। राज्य के 23 जिलों में 11.3 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। सोमवार तक 19 जिलों में 6.44 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित थे।

गुजरात के जूनागढ़ में सड़कें बारिश के पानी में डूब गई हैं। इसकी वजह से 30 गांवों का संपर्क कट गया है। वंथली में सोमवार सुबह से मंगलवार सुबह तक रिकॉर्ड 361 मिमी बारिश हुई। सौराष्ट्र और दक्षिणी क्षेत्र में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। अहमदाबाद में दो मंजिला बिल्डिंग की सीढ़ियों का एक हिस्सा ढह गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म के जरिए बिल्डिंग में फंसे 16 लोगों को निकाला।

### असम में 2,208 गांव पानी में डूबे

असम स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के मुताबिक फिलहाल राज्य के 2,208 गांव पानी में डूबे हुए हैं और 42,476.18 हेक्टेयर फसल भूमि को नुकसान पहुंचा है। तिनसुकिया जिले के सादिया और डूमडूमा सर्किलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि धेमाजी जिले के जोनाई में एक व्यक्ति डूब गया। सोमवार (1 जुलाई) को तिनसुकिया जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई थी।

वॉकआउट



नई दिल्ली में चल रहे संसद सत्र के दौरान वॉकआउट करने के बाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अन्य सांसदों के साथ सदन से बाहर आए।

# हाथरस हादसे पर भोले बाबा बोला- मैं निकल गया था

## अराजक तत्वों ने भगदड़ कराई; अब तक 122 मौतें, इनमें 112 महिलाएं और 7 बच्चे

हाथरस। यूपी के हाथरस में भगदड़ के 24 घंटे बाद भोले बाबा का पहला बयान आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह के जरिए लिखित बयान जारी किया, जिसमें लिखा कि मैं जब समागम से निकल गया, इसके बाद हादसा हुआ। असामाजिक तत्वों ने भगदड़ मचाई। इन लोगों के खिलाफ लीगल एक्शन लूंगा। घायलों के स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

सत्संग के बाद हुई भगदड़ में 122 लोगों की मौत हुई है। इनमें 112 महिलाएं, 7 बच्चे ओर 3 पुरुष शामिल हैं। 4 जिलों- हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में रातभर शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ। परिजन अपनों की लाश को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। प्रशासन ने अब तक 121 मौत की पुष्टि की है।



हादसा मंगलवार दोपहर 1 बजे फुलरई गांव में हुआ। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे सीएम योगी भी हाथरस पहुंचे। जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और घटनास्थल पर गए। अफसरों से पूरे हादसे की जानकारी ली। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- यह हादसा साजिश जैसा है। लोग मरते गए, सेवादार वहां से भाग गए। उन्होंने न तो प्रशासन को सूचना दी और न ही मदद की। प्रशासन की टीम जब पहुंची तो सेवादारों ने उन्हें आगे जाने नहीं दिया। हमने भी कुंभ जैसे बड़े आयोजन किए, लेकिन ऐसी चीजें नहीं हुई।

सीएम ने कहा- जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। हाईकोर्ट के रिटायर जज, पुलिस के सीनियर रिटायर ऑफिसर की टीम भी मामले की जांच करेगी। जो भी दोषी होगा, उसको सजा देंगे।

इधर, बुधवार दोपहर हादसे में प्रशासन की पहली रिपोर्ट सामने आई। इसमें कहा गया है कि हादसा भोले बाबा के चरणों की धूल लेने की वजह से हुआ। बाबा के सेवादारों ने लोगों से धक्का-मुक्की की। इससे भगदड़ मच गई। प्रयागराज के वकील गौरव द्विवेदी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में पीआईएल दायर करके हादसे की सीबीआई जांच की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट में वकील विशाल तिवारी ने भी एक पीआईएल दाखिल की। इसमें रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में 5 विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच की मांग की गई है।

मंगलवार देर रात हादसे में 22 लोगों के खिलाफ सिकंदराराऊ थाने के दरोगा ने एफआईआर दर्ज कराई। इसमें मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर का नाम है।

ट्रिपल मर्डर

## 2 मासूमों को पानी के टांके में डुबोया, परिवार के व्यक्ति के शामिल होने की आशंका

# जोधपुर में ट्रिपल मर्डर, बुजुर्ग महिला को कुल्हाड़ी से काटा

जोधपुर। जोधपुर में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या की गई है, जबकि 2 मासूम बच्चियों के शव घर के टांके में मिले हैं।

एक महिला घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला बनाड़ थाना क्षेत्र के गांव नांदड़ी खुर्द का है। डीसीपी ईस्ट आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 5 बजे के करीब नांदड़ी खुर्द में डबल मर्डर की सूचना मिली थी। यहां पहुंचे तो पता चला कि यहां तीन डेड बॉडी हैं। भंवरी देवी (68) और दो बच्चियों भावना (5) और लक्षिता (3.5) के शव मिले हैं, जबकि संतोष (27) घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया- बुजुर्ग और घायल महिला पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है, जबकि बच्चों को पानी में डुबो कर मारा गया है। आशंका है कि हत्याकांड में परिवार का कोई व्यक्ति शामिल है।



### नानी-दोहितियों की मौत, मां घायल

पुलिस के अनुसार नांदड़ी खुर्द निवासी मांगीलाल कुड़िया की बेटी संतोष पत्नी किशनाराम 3-4 दिनों से मायके आई हुई थी। बुधवार दोपहर संतोष, उसकी मां भंवरी देवी और संतोष की दो बेटियां भावना और लक्षिता घर पर थीं। इस दौरान किसी ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से सबसे पहले भंवरी देवी के सिर पर वार किया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। संतोष के भी सिर पर वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद हमलावर ने दोनों मासूम बेटियों को घर में बने पानी के टांके में डुबोकर मार दिया।

भंवरी देवी के पुत्र पुखराज ने एफआईआर दर्ज करवाई है- उसने बताया कि घटना के समय घर में मां-पत्नी और दोनों बेटियां ही थी। पुखराज ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। परिजन शव उठाने से इंकार कर रहे हैं और आरोपी को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस परिजनों को समझाइश कर रही है।

# इंडिया समूह के युवा संगठनों ने पेपर घोटाले की कड़ी निंदा की

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया समूह के युवा संगठन भारतीय यूथ फ्रंट ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में बड़ी धांधली हुई है जिसके कारण लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है इसलिए इसकी व्यापक जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। संगठन के नेताओं ने यहां संवाददाता सम्मेलन में पेपर लीक धांधली के लिए केंद्र सरकार की नीतियां को जिम्मेदार करार दिया और इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जल्द से जल्द छात्रों को न्याय देने की मांग की। इंडिया समूह के जो नेता इस दौरान मौजूद थे उनमें युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी, समाजवादी युवाजन सभा के अध्यक्ष फहाद आलम, सीवाईएसएस के राष्ट्रीय प्रभारी अनुराग, युवा शिव सेना के अध्यक्ष वरुण, राजद युवा के अध्यक्ष आइन अहमद, एमवाईएल के अध्यक्ष आसिफ अंसारी, जन अधिकार पार्टी युवा के अध्यक्ष मनीष यादव, माकपा युवा के अध्यक्ष हिमंग राज, एआईवाईएफ युवा के अध्यक्ष शशि कुमार, डीवाईएफ युवा के अध्यक्ष अनिर्बान भट्टाचार्य सहित कई अन्य शामिल है। श्रीनिवास ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीट यूजी परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के मुद्दे से भाग रहे है, मन की बात के लिए मोदी के पास समय है पर देश के युवाओं के लिए उनके पास इतना भी समय नहीं है कि सदन में खुलकर इस विषय पर चर्चा करे।

# भ्रष्टाचार केस में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे केजरीवाल

## सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था; 5 जुलाई को सुनवाई होगी

नई दिल्ली। शराब नीति घोटाले में सीबीआई की तरफ से दर्ज कराए गए भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट इस पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जुलाई को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। केजरीवाल शराब नीति से जुड़े ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद थे। वहीं केजरीवाल ने सीबीआई केस में अपनी गिरफ्तारी और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के फैसले को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में जस्टिस नीना बंसल ने मंगलवार (2 जुलाई) को सुनवाई की और सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। इधर शराब नीति घोटाले से जुड़े ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बुधवार को ही दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की कस्टडी 12 जुलाई तक बढ़ा दी है।



### केजरीवाल के वकील बोले- केजरीवाल को अवैध तरीके से हिरासत में लिया गया

केजरीवाल के वकील रजत भारद्वाज ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेदेला के सामने उनकी जमानत की याचिका को तुरंत सुनवाई के लिए रखा।

रजत भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल को बिना सही न्यायिक प्रक्रिया का पालन किए हिरासत में ले लिया गया था। वकील ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई की मांग की। इस पर जस्टिस मनमोहन ने कहा कि संबंधित जज को दस्तावेज पढ़ने का समय दीजिए। हम एक दिन बाद इस मामले की सुनवाई करेंगे।

केजरीवाल पर दो मामले दर्ज हैं। पहला ईडी का, जिसमें उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया है। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। दूसरा सीबीआई का, जिसे शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर दर्ज किया गया। इस केस में 26 जून को केजरीवाल को दोबारा गिरफ्तार किया गया। यह केस दिल्ली एलजी वीके सक्सेना की शिकायत पर दर्ज हुआ था। दोनों मामले अलग-अलग दर्ज किए गए हैं, इसलिए इनमें गिरफ्तारी भी अलग-अलग हुई है। ईडी केस में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई को खत्म हो रही है।




## संपादकीय

# प्रधानमंत्री का भाषण – उम्मीदों पर खरा न उतरा

**ऐसी भी क्या बेताबी थी राह के काँटे चुनने में,**
**जो फूल थे वो भी कुचल गए, दस्तूर-ए-जहाँ निभाने में।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया भाषण, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी प्रतिक्रिया दी, कई मायनों में बेहद निराशाजनक रहा। एक ऐसे नेता से जो देश का नेतृत्व कर रहा हो, हम उम्मीद करते हैं कि वह उच्च स्तर की भाषा और विचारधारा प्रस्तुत करेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री का भाषण न केवल उनकी व्यक्तिगत टिप्पणियों से भरा हुआ था, बल्कि उसमें कांग्रेस और राहुल गांधी पर आक्रमण की प्रधानता भी थी।

### भाषण में अभद्र भाषा का प्रयोग

प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द जैसे 'मां की गाली,' 'आदमखोर एनीमल,' 'मुंह पर लहू लग जाता है,' 'कांग्रेस के मुंह खून लग गया है,' 'श्राप,' 'तबाह,' 'संविधान सर पर रखकर नाच रहे हैं,' 'ड्रामा,' 'तमाचा,' 'गालियां,' 'चोर,' 'चोरी,' 'अरे मौसी,' 'परजीवी,' 'आंखें मारते हैं,' और 'तुमसे न हो पाएगा,' इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने भाषण के दौरान कितनी निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग किया। राहुल गांधी के लिए 'बालकबुद्धि' जैसे शब्दों का बार-बार प्रयोग भी एक गंभीर मुद्दा है। यह सोच से परे है कि देश का प्रधानमंत्री ऐसी भाषा का इस्तेमाल करेगा।

### वास्तविक मुद्दों से विमुखता

प्रधानमंत्री के भाषण का आधे से ज्यादा हिस्सा कांग्रेस और राहुल गांधी पर केंद्रित था, जबकि बाकी का हिस्सा उनकी स्वयं की तारीफों से भरा हुआ था। यह देखकर बेहद निराशा होती है कि उन्होंने देश की ज्वलंत समस्याओं पर बात नहीं की। मणिपुर की हिंसा, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, और चीन के मुद्दों पर उन्होंने एक भी शब्द नहीं कहा। पेपर लीक पर जो कुछ कहा गया, वह भी विश्वास योग्य नहीं है क्योंकि केंद्र का कानून इस समस्या को रोक पाने में असमर्थ रहा है।

### नेता का धर्म

एक नेता का धर्म होता है कि वह अपने देश की समस्याओं का समाधान ढूंढे और लोगों को विश्वास दिलाए कि वे सही दिशा में जा रहे हैं। लेकिन, प्रधानमंत्री का यह भाषण उस दिशा में बिल्कुल भी नहीं था। यह भाषण न केवल उनकी व्यक्तिगत नाकामी को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने में असफल रहे हैं।

### निष्कर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह भाषण उनकी अब तक की राजनीतिक यात्रा का सबसे निम्नतम स्तर साबित हो सकता है। यह देखना दुखद है कि जिस नेता से देश को उम्मीदें थीं, वह इस प्रकार की भाषा और विचारधारा का प्रदर्शन कर रहा है। यह भाषण न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि को धूमिल करता है, बल्कि देश की राजनीतिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

देश को एक सशक्त और सकारात्मक नेतृत्व की जरूरत है, जो वास्तविक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करे और उनके समाधान की दिशा में काम करे। उम्मीद है कि भविष्य में प्रधानमंत्री इस प्रकार की गलती दोबारा नहीं करेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाएंगे।

# हादसों के आयोजन पर बड़ा सवाल

निस्संदेह इतने बड़े आयोजन में जुटने वाली भीड़ का अंदाजा आयोजकों को रहा होगा। इस भीषण गर्मी में हजारों लोगों के एक जगह इकट्ठा लोगों पर क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान भी उन्हें रहा होगा। मगर फिर भी लोगों के लिए छाया-हवा-पानी का माकूल इंतजाम क्यों नहीं किया गया।

यह समझ से परे है कि किसी कार्यक्रम के आयोजकों का जितना जोर भीड़ जुटाने पर होता है, उसका एक अंश भी उस भीड़ को व्यवस्थित करने पर क्यों नहीं होता। अक्सर धार्मिक उत्सवों, मेलों, सत्संग, यज्ञ आदि के आयोजन में व्यवस्थागत खामियों के चलते भगदड़ मचने, दम घुटने, पंडाल वगैरह के गिरने से लोगों के नाहक मारे जाने की घटनाएं हो जाती हैं। इसके अनेक उदाहरण हैं, मगर उनसे शायद सबक लेने की जरूरत नहीं समझी जाती और फिर नए हादसे हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुआ हादसा इसकी ताजा कड़ी है।

बताया जा रहा है कि वहां महीने के पहले मंगलवार को तीन घंटे के सत्संग का आयोजन किया गया था। उसमें देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु आए हुए थे। करीब पचास हजार लोगों की भीड़ जुटी बताई जा रही है। सत्संग की समाप्ति के बाद अचानक भगदड़ मच गई और सौ से ऊपर लोग दब कर मर गए, दो सौ से अधिक के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि सत्संग समाप्ति के बाद जब मुख्य महात्मा का काफिला वहां से रवाना हुआ तो भीड़ को जबरन रोक दिया गया। भीषण गर्मी और उमस के कारण कई लोग बेहोश हो गए, जिसकी वजह से भगदड़ मची। हालांकि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और उसके बाद ही असली वजह पता चल सकेगी।

निस्संदेह इतने बड़े आयोजन में जुटने वाली भीड़ का अंदाजा आयोजकों को रहा होगा। इस भीषण गर्मी में हजारों लोगों के एक जगह इकट्ठा लोगों पर क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान भी उन्हें रहा होगा। मगर फिर भी लोगों के लिए छाया-हवा-पानी का माकूल इंतजाम क्यों नहीं किया गया। ऐसे आयोजनों में व्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजक खुद उठाते हैं। वे अपने स्वयंसेवकों के जरिए आयोजन स्थल पर लोगों के प्रवेश और निकास का प्रबंध करते हैं। बताया जा रहा है कि इस सत्संग का आयोजन पिछले दस वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा रहा है। इसलिए इसके आयोजकों और स्वयंसेवकों में अनुभव की कमी भी नहीं मानी जा सकती। फिर कैसे उन्हें इस तरह के हादसे का अंदेशा नहीं था। अगर भीड़ मुख्य महात्मा के करीब पहुंचने या उनके काफिले के पीछे जाने को उतावली हो उठी, तो जाहिर है, ऐसा तभी हुआ होगा, जब दोनों के रास्ते अलग से तय नहीं किए गए थे। सवाल यह भी है कि बगैर व्यवस्था जांचे स्थानीय प्रशासन ने कैसे इस आयोजन की इजाजत दे दी।

ऐसे हादसे न केवल धार्मिक आयोजनों में, बल्कि राजनीतिक रैलियों, विभिन्न मेलों, सांस्कृतिक उत्सवों आदि में भी हो चुके हैं। यह ठीक है कि निजी या सार्वजनिक प्रयासों से आयोजित होने वाले इतने विशाल कार्यक्रमों को संभालने के लिए स्थानीय स्तर पर पुलिस बल उपलब्ध कराना कठिन काम है, मगर इस तर्क पर प्रशासन की जवाबदेही समाप्त नहीं हो जाती। इस तरह का कोई भी आयोजन बिना प्रशासन की पूर्व अनुमति के नहीं हो सकता। फिर प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि आयोजन स्थल की व्यवस्था जांचे और आयोजकों की जवाबदेही तय करे। मगर जिन आयोजनों से लोगों की आस्था जुड़ी होती है, उनमें प्रशासन अक्सर ढीला ही देखा जाता है। आखिर कब इस तरह के हादसों को रोकने के लिए कोई सख्त नियम-कायदा बनेगा। ऐसे हादसों की जवाबदेही तय करने के लिए कब कोई नजीर बन सकने वाली कार्रवाई होगी।

# इसे 'डंका बजना' कहें या 'लंका लगना' ?





**निर्मल रानी**

गोदी मीडिया सहित सत्ता की भक्त मण्डली,सरकारी विभागों व विज्ञापनों द्वारा गत दस वर्षों से सत्ता का गुणगान किया जा रहा है। सरकारी तौर पर भले ही खंडन क्यों न किया जाये परन्तु %भक्त मण्डली यह प्रचारित करने में कोई कसर उठा नहीं रखती कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा दिया। इस प्रोपेगेंडा के जवाब में विपक्षी नेताओं का यह सवाल तो वाजिब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने वाले एक वर्ष से अधिक समय से सुलग रहे डबल इंजन की सरकार वाले राज्य मणिपुर में शांति बहाल क्यों नहीं करवा पाये ? इसी तरह के अनेक फ़र्ज़ी दावों के आधार पर यह प्रचारित किया जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का डंका बज रहा है। डंका बजने की परिकल्पना का प्रचार भी आपको भारत के ही गोदी मीडिया द्वारा संचालित टी वी और अख़बारों में दिखाई देगा विदेशों में नहीं। इसी तरह प्रचार माध्यमों के बल पर सबका साथ सबका विकास और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का भी एक वातावरण बनाया गया। यह और बात है कि विपक्षी दलों से सम्बन्ध रखने वाले पूरे देश के एक दो नहीं बल्कि अनेक नेताओं को जांच व जेल का भय दिखा कर अपने पाले में शामिल कर उनके भ्रष्टाचारी होने पर पर्दा डाल दिया गया। कई भ्रष्टाचारी कंपनियों से इलेक्टोरल बाण्ड के माध्यम से वसूली की गयी और उनके भ्रष्टाचारों की तरफ़ से आँखें मूँद ली गयीं।

कई ऐसी कम्पनीज़ ने करोड़ों रूपये के इलेक्टोरल बाण्ड ख़रीदे जिनके ख़िलाफ़ ईडी और इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई चल रही थी या फिर ये कार्रवाइयां बॉन्ड ख़रीदे जाने के समय के आसपास हुई हैं। इनमें फ़्यूचर गेमिंग, वेदांता लिमिटेड और मेघा इंजीनियरिंग जैसी कंपनियां हैं जो सबसे ज़्यादा क़ीमत के बॉन्ड ख़रीदने वालों में शामिल है। इन कम्पनीज़ की ओर से बाण्ड की ये ख़रीदारी ईडी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाइयों के आसपास ही हुई है।

शायद इसी भ्रष्टाचार के परिणाम स्वरूप पिछले कुछ ही दिनों में जिस तरह अमृत काल में एक के बाद एक कई विकास योजनाओं के पोल खुले हैं उसे देखकर तो हरगिज़ नहीं कहा जा सकता कि विकसित भारत के मार्ग पर दौड़ने वाला हमारा देश भ्रष्टाचार मुक्त भी हो रहा है। अयोध्या धाम को ही ले लीजिये। राम मंदिर निर्माण को लेकर ऐतिहासिक प्रोपेगेंडा रचा गया। एक तीर से कई शिकार खेले गये। जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे का नारा देकर जहाँ यह ग़लतफ़हमी पाली गयी कि 2024 के चुनाव में राम जी की कृपा होनी तय है और उसी अति उत्साह में अबकी बार चार सौ पार का शगूफ़ा छोड़ दिया गया उसी के साथ साथ उस विपक्ष को राम विरोधी व रामद्रोही साबित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गयी जो भाजपा के 22 जनवरी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धार्मिक नहीं बल्कि राजनैतिक कार्यक्रम बताकर उसमें शरीक नहीं हुआ।

इसी के साथ साथ भव्य राम मंदिर,राम पथ ,महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट,और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निर्माण व जीर्णोद्धार कराकर यह भी प्रचारित किया गया कि अयोध्या अब विकसित अयोध्या बन चुकी है। परन्तु पिछले दिनों 24 घंटे की बारिश में उसी अयोध्या में हाहाकार मच गया। हाई टेक बताये जा रहे अयोध्या राम मंदिर की छत से पानी टपकने लगा। राम पथ पर लगभग 20 जगहों पर सड़कें धंस गईं और उन सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे पड़ गये। पूरी दुनिया के मीडिया में अयोध्या की इस हालत का भी खूब ज़िक्र हुआ।

इसी बारिश की शुरुआत में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढह गया इस घटना में एक 45 वर्षीय टैक्सी चालक की मौत हो गई और लगभग दस लोग घायल हो गए थे। उस दिन इस घटना के कारण टर्मिनल 1 से अनिश्चित काल के लिए ऑपरेशन निलंबित कर दिया गया था।

यहां से हर दिन लगभग 200 उड़ानें आती जाती हैं। इसी तरह इन्हीं दिनों में राजकोट हीरासर स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप-ड्रॉप एरिया में ऊपर लगी कैनोपी ढह गई। पीएम मोदी ने गत वर्ष जुलाई में राजकोट एयरपोर्ट के इस नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया था। इस एयरपोर्ट का 1400 करोड़ से ज़्यादा की लागत से विस्तार हुआ था। इसी तरह मानसून की पहली बारिश ने अडानी समूह द्वारा संचालित राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल 3 की भी पोल खोलकर रख दी है। इसी वर्ष 10 मार्च को बड़े ही धूमधाम से टर्मिनल थ्री का उद्घाटन हुआ था। परन्तु इस टर्मिनल के वेटिंग एरिया की छत से भी पानी टपकने लगा। मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 के वेटिंग एरिया में भी छत से पानी टपकने लगा। जबलपुर में भी डुमना हवाई अड्डे के नव विस्तारित टर्मिनल की कैनोपी का भी एक हिस्सा भारी बारिश के कारण टूट गया था।


इस घटना में कैनोपी के नीचे खड़ी एक सरकारी अधिकारी की कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस एयरपोर्ट का भी तीन महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। भारत में केवल एयरपोर्ट की छतें ही लीक नहीं हो रहीं बल्कि नीट के पेपर भी लीक हो रहे हैं। गोया साहब की हुक्मरानी का डंका पूरी दुनिया में ज़ोर शोर से बज रहा है।

बिहार में डबल इंजन की सरकार ने तो भ्रष्टाचार व लापरवाही में पिछले दिनों गोया विश्व कीर्तिमान ही स्थापित कर लिया। यहाँ मात्र दस दिन के भीतर ही राज्य के अररिया, सिवान, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और मधुबनी ज़िलों में पाँच बड़े पुल धराशायी हो गए। इन पुलों में से तीन निर्माणाधीन पुल थे जबकि दो पुलों का निर्माण हो चुका था। इन हादसों से जनता का हज़ारों करोड़ रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़, पानी में बह गया। इन पांच पुलों से पहले भी बिहार में गत मार्च में सुपौल में कोसी नदी के उपर बन रहे पुल का एक हिस्सा गिरा था, इसमें एक मज़दूर की मौत हुई थी और 10 अन्य घायल हो गए थे। इसके पश्चात् 22 जून को सिवान में गंडक नहर पर बनी पुलिया ध्वस्त हो गई थी। 22 जून की ही रात को पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड के अमवा में निर्माणाधीन पुल गिर गया था।

बताया जाता है कि 1.60 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल के ऊपरी भाग की ढलाई शाम के समय ही हुई थी और रात होते होते यह ध्वस्त भी हो गया। इसी तथाकथित विकास की इतनी तीव्र गति और विश्व मीडिया में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाले इन हादसों के ज़िक्र को साहब का डंका बजना कहें या लंका लगना ?

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3232




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

15/24 → 1 2 3 4 5 ; 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3231 का हल



## हंसी के फूव्वारें

ज्यादातर फिल्में शादी होने का दृश्य दिखाकर ही क्यों खत्म हो जाती हैं ?

ताकि शादी के बाद के दुखद दृश्य न देखने पड़ें.

नर्स, मैं तुमसे बेहद प्यार करता हूँ, मैं अब अच्छा नहीं होना चाहता.

नर्स बोली-तुम अब अच्छे हो भी नहीं सकते क्योंकि डॉक्टर भी मुझसे प्रेम करता है और उसने मुझे तुमसे प्यार करते हुए देख लिया है.

अविवाहिता-क्या तुम अपनी किसी सबसे बड़ी बेवकूफी का प्रमाण दे सकते हो?

अविवाहित-तुमने प्यार कर लिया, यह क्या छोटा प्रमाण है?


सुनीता-पता नहीं इस बार साड़ियों के कौन-कौन से नये डिजाइन निकलेंगे ?

मोहन-वही दो ! एक जो तुम्हें पसन्द नहीं आयेगा. दूसरा वह जिसे खरीदने के लिए मेरे पास रुपये नहीं होंगे.

एक पति ने अपनी घरवाली से पूछा-युधिष्ठिर भी जुआ खेले थे, फिर तू मुझे क्यों रोकती है ?

घरवाली ने कहा -नहीं रोकूंगी, लेकिन याद रखना कि द्रौपदी के भी पांच पति थे.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3232



**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 3231



## सूडोकु -3232

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3231 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 3232



**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

### शब्द पहेली -3231 का हल



# किसानों ने कलक्ट्रेट पर हल्ला बोला

## पुलिस के लगाए घेरे को तोड़ा, डीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर धरने पर बैठे

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में जिला कलेक्ट्रेट पर कई किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने मिलकर जोरदार प्रदर्शन किया। हजारों की तादाद में किसान इकट्ठा होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्ट्रेट पर ही धरने पर बैठ गए।

किसानों ने कहा कि 3 महीने बीतने के बाद भी हाई पावर कमेटी ने सरकार को किसानों की रिपोर्ट नहीं भेजी है। इस मांग को लेकर किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच नोंकझोक भी हुई।

दरसअल बुधवार को किसान सभा और किसान परिषद सहित अन्य कई किसान संगठनों ने सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पर जमकर हल्ला बोला। हजारों की तादाद में किसान मोजरबेयर चौक से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर पहले से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात थी। किसान जैसे ही कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम कार्यलय तक जाने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की।



### पुलिस से हुई जमकर नोंकझोक

धरना स्थल पर जाने की बात कही, लेकिन कुछ किसानों और पुलिस के बीच नोंकझोक हो गई। कुछ ही देर में किसानों ने पुलिस के लगाए घेरे को तोड़ दिया। इस दौरान दोनों के बीच जमकर नोंकझोक भी हुई। किसान घेरे को तोड़कर डीएम कार्यालय के बाहर तक पहुंच गए, जहां पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। किसान वहीं पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।

### सीएम ने गठित की थी कमेटी

इस दौरान किसान सभा के रूपेश वर्मा ने बताया कि 21 फरवरी 2024 को अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर विचार कर सिफारिशें देने के लिए मुख्यमंत्री ने हाई पावर कमेटी का गठन किया था। तीन सदस्यीय कमेटी के अध्यक्ष राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे हैं। मंडल आयुक्त एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर कमेटी के सदस्य हैं।

### 21 मई को पूरे हुए तीन महीने

कमेटी को तीनों प्राधिकरण के अंतर्गत अधिग्रहण एवं सीधी खरीद से प्रभावित किसानों के 10 प्रतिशत आबादी प्लाट दिए जाने, नए कानून को लागू किए जाने एवं अधिग्रहित आबादियों को छोड़े जाने के संबंध में 3 महीने के अंदर अपनी सिफारिशें सरकार को देनी थीं, लेकिन 3 महीने 21 मई को पूरे हो चुके हैं, कमेटी ने अभी तक किसानों के पक्ष में सरकार को अपनी सिफारिशें नहीं सौंपी हैं।

### प्रतिनिधिमंडल ने की बैठक

पिछले साल किसान सभा के एक साल के आंदोलन के परिणाम में प्राधिकरण ने उक्त तीनों समस्याओं सहित अन्य 21 समस्याओं को हल करने का लिखित आश्वासन दिया था। इस क्रम में यह हाई पावर कमेटी बनी। इतना ही नहीं नए कानून को लागू करने एवं 10 प्रतिशत प्लाट देने का प्रस्ताव पास कर शासन के अनुमोदन के लिए भी प्राधिकरण में भेजा था, लेकिन अभी तक भी कोई परिणाम धरातल पर निकलकर नहीं आया है, जिस कारण दिन प्रतिदिन किसानों का आक्रोश बढ़ता गया। इसी मांग को लेकर किसानों ने आज जमकर हल्ला बोला।

# ग्रेटर नोएडा में भी बना है साकार बाबा का आश्रम

गौतम बुद्ध नगर। हाथरस में नारायण साकार उर्फ भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मचने से 122 लोगों की दुखद मौत हुई है। इस बाबा नारायण साकार का नोएडा में भी आश्रम है। नोएडा के डूब क्षेत्र स्थित सेक्टर-87 इलाबांस गांव में बाबा का आलीशान आश्रम है।

आश्रम के दरवाजों पर लोहे के बड़े-बड़े गेट लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि काफी समय से बाबा यहां नहीं आए। साल 2022 में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 बी रोज याकूबपुर में 1 नवंबर 2022 को पहले मंगलवार को मानव मंगल मिलन सद्भावना समागम का आयोजन किया गया था। जिसका पोस्टर यहां मौजूद है।

### जो प्रवास बने हुए हैं वह कमेटी के मेंबरों ने ही बनाए हैं

आश्रम पर मौजूद हिमांशु ने बताया कि हम लोग भी हाथरस के समागम में हिस्सा लेने गए थे। प्रभु जी 12 बजे आए थे और 1: 30 बजे चले गए थे। उनके जाने के बाद संगत जब वहां से निकली तो बहुत अधिक संख्या में भीड़ लग गई थी। पुलिस की संख्या काफी कम थी। यह हादसा हुआ जब वे जा चुके थे।

यह जो कहा जा रहा है कि प्रभु की धूल लेने के लिए लोग गए थे, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ था। वह किसी से मिलते नहीं हैं। केवल मंच से ही संबोधन करते हैं। उनके जो प्रवास बने हुए हैं वह कमेटी के मेंबरों ने ही बनाए हैं। नोएडा के प्रवास को भी कमेटी के मेंबरों ने बनाया है। लेकिन नोएडा के प्रवास पर वे आने के लिए मना करते हैं। अब तक वह एक बार यहां आए थे।

हिमांशु का कहना है कि भगदड़ नहीं मची थी। तीन-चार लोगों ने धक्का दिया था और लोगों के ऊपर चढ़ भी रहे थे। रोड पर आ रहे थे, धक्का लग रहा था। चिकनी मिट्टी होने के कारण वह फिसल कर गिर रहे थे। इस घटना में औरतें ज्यादा मरी हैं। इस आश्रम को बने डेढ़ से 2 साल हो गए हैं। पिछली 14 जुलाई को गुरुजी आए थे। प्रभु जी आए थे, उसके बाद कभी नहीं आए है।

## शार्ट न्यूज

### केयरिंग एसोसिएशन इंडिया के पदाधिकारियों ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ व ए सीईओ से भेंट की

केयरिंग एसोसिएशन इंडिया की नोएडा इकाई ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ श्री लोकेश एम व ए सीईओ श्रीमती वंदना त्रिपाठी जी से संस्था के आगामी कार्यक्रमों हेतु भेंट करी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी श्री शिवांश श्रीवास्तव ने संस्था के होने जा रहे हैं पर्यावरण संग्रह अभियान के अंतर्गत नोएडा प्राधिकरण से सहयोग मांगा। संस्था अगले महीने से प्लांट एडॉप्शन को लेकर एक बड़ा कार्यक्रम करने जा रही है, जिसके लिए आज इस भेंट वार्ता में प्राधिकारण को अवगत कारवा जरुरी सहयोग हेतु पत्र दिया गया। इसके साथ ही संस्था स्कूल व कॉलेजों में भी जागरूकता शिविर भी आयोजित करेगी। भेंट करने के बाद केयरिंग एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नोएडा के संयोजक श्री पंकज त्रिपाठी व कार्यकारिणी सदस्य श्री लोकेश काजी ने दोनों अधिकारियो के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया।

### गाजियाबाद में लोगों को बांटे कपड़े के थैले

गाजियाबाद। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री-डे के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम ने शहर के सभी पांचों जोन में बुधवार को जनजागरुकता अभियान चलाया। कई जगह नुक्कड़ नाटक हुए। इसमें प्लास्टिक रूपी दानव का बहिष्कार करने की अपील की गई। नगर निगम ने साथी फाउंडेशन के सहयोग से कविनगर जोन में कपड़े के थैले वितरित किए। कविनगर सी-ब्लॉक मार्केट, सिटी जोन घंटाघर, बजरिया मार्केट, मोहननगर जोन के राजेंद्र नगर, लाजपत नगर मार्केट, वसुंधरा जोन में वैशाली, सूर्यनगर मार्केट, विजयनगर जोन में प्रताप विहार व अन्य मार्केट में प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार हेतु लोगों को जागरुक किया गया। उनसे पॉलिथीन बैग का इस्तेमाल न करने की अपील की गई। वसुंधरा जोन में नगर निगम ने अभियान चलाते हुए 8 किलो पॉलिथिन जब्त की और 39 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शहर को प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए लगातार अभियान जारी है। इसमें सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा है। जागरुकता का असर ये है कि कई इलाकों में व्यापारी अब खुद जागरुकक हो रहे हैं।

### रेप के आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली

गाजियाबाद। गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इलाके में अंधेरे का लाभ उठाकर घर में घुसकर महिला से रेप करने वाला आरोपी पकड़ा गया। मंगलवार रात मेडिकल के लिए ले जाते वक्त पुलिसकर्मी की बाइक फिसलने के बाद वो पिस्टल छीनकर भागने लगा। इस दौरान हुई मुठभेड़ में उसको पैर में गोली लग गई है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, ट्रोनिका सिटी क्षेत्र की एक कॉलोनी में सोमवार रात 35 वर्षीय विधवा महिला से दुष्कर्म की वारदात हुई थी। रात में 12 बजे के आसपास बिजली कटौती हुई। इस वजह से मोहल्ले के लोग घरों के गेट खोलकर बाहर निकल आए। इसी का फायदा उठाकर पड़ोसी व्यक्ति एक महिला के घर में घुस गया और फिर रेप किया। महिला की हालत ज्यादा बिगड़ गई। मंगलवार को उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया, मंगलवार रात ट्रोनिका सिटी पुलिस ने बलात्कार की घटना में वांटेड आरोपी 31 वर्षीय अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान अचानक उसकी तबियत खराब हुई। जिसके चलते पुलिसकर्मी उसको बाइक से अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में ये बाइक फिसल गई। मौका पाकर आरोपी अरुण ने हेड कांस्टेबल आर्यन चौधरी की पिस्टल छीन ली और भागने लगा।

### नकली आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाली कंपनी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

नोएडा। नामी आयुर्वेदिक दवा कंपनी के नाम पर नकली शक्तिवर्धक दवाइयां बनाने वाली कंपनी का पुलिस और आयुष विभाग की टीम ने खुलासा किया है। सेक्टर-10 में चल रही कंपनी में छापा मारकर पुलिस ने दो भाइयों अनीस अहमद और मोहम्मद शमी को गिरफ्तार किया है। कंपनी से बड़ी तादाद में नकली दवाइयां और अन्य सामान बरामद हुए हैं। पुलिस और आयुष विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। मुरादाबाद निवासी अजीजुल हसन आयुर्वेदिक दवा कंपनी नमन इंडिया चलाते हैं। कंपनी टाइगर किंग नाम से उत्पाद बनाती है। अजीजुल का आरोप है कि कर्मचारी अनीस अहमद कंपनी छोड़कर चला गया। आरोप है कि अनीस टाइगर किंग समेत अन्य उत्पादों से मिलती-जुलती आयुर्वेदिक दवाइयां बना रहा था। अजीजुल की शिकायत पर कोतवाली फेज वन पुलिस ने ड्रग निरीक्षक गौतमबुद्धनगर को साथ लेकर सेक्टर-10 स्थित फैक्टरी पर छापा मारा। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में टाइगर किंग कंपनी के प्रोडक्ट से मिलते जुलते रैपर, होलोग्राम और बड़ी संख्या में दवाइयां व अन्य सामान बरामद हुआ। टाइगर किंग क्रीम, नाइट गोल्ड क्रीम, मैनपॉवर क्रीम, यूनिट टाइम एंड ऑयल, कंप्रेसर मशीन, इलेक्ट्रिक पैकेजिंग मशीन, सीलिंग मशीन भी भारी मात्रा में यहां से मिली।

### बहनोई पर दुष्कर्म करने का आरोप

नोएडा। महिला ने रिश्ते के ननदोई पर बीयर पिलाने के बाद होटल ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला के पति ने आरोपी की पिटाई भी की। घटना से संबंधित वायरल वीडियो की पुलिस जांच कर रही है।सेक्टर-24 थाना क्षेत्र स्थित गांव निवासी युवक का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व रिश्ते के बहनोई ने कराया था। बीते दिनों युवक का अपनी पत्नी से विवाद हो गया। इसकी सूचना पर रिश्ते का बहनोई युवक के घर पहुंचा और उसकी पत्नी को कार में बैठाकर मायके ले जाने के लिए निकला। कुछ देर बाद युवक को जानकारी हुई कि रिश्ते का बहनोई उसकी पत्नी को सेक्टर-71 स्थित एक होटल में ले गया है। पीछा कर जब युवक बहनोई के पास पहुंचा तो वह होटल से निकलने के बाद महिला को लेकर कार से कहीं जा रहा था। रास्ते में ही युवक ने उसे रोक लिया और थप्पड़ मारा। बचाव में आरोपी बहनोई ने भी हाथापाई की। एक वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे को गाली-गलौज कर रहे हैं, जबकि महिला रो रही है। एक अन्य वीडियो में महिला बहनोई पर बीयर पिलाने के बाद गलत हरकत करने का आरोप लगा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में गैस इंडिया एक्सपो 2024 का आयोजन

## विशिष्ट उत्पादन तकनीकी उपकरणों का होगा प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में 4-6 जुलाई 2024 को गैस इंडिया एक्सपो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी, बायोगैस, हाइड्रोजन, प्राकृतिक गैस, औद्योगिक गैसों, उत्पादन, प्रसंस्करण, रिफाइनिंग, ईंधन भरना, गैस प्रौद्योगिकी, गैस उपकरण, गैस स्टेशन उपकरण और संबद्ध उद्योग पर केंद्रित है।

### अंतर्राष्टीय व्यापार में बढ़ेगी भागीदारी

गैस इंडिया एक्सपो 2024 में नवीनतम क्षेत्र-विशिष्ट उत्पादन तकनीकों, विनिर्माण प्रक्रिया, सेवाओं, विकास, प्रौद्योगिकियों और उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गैस उद्योग से उच्च गुणवत्ता वाले आगंतुकों, खरीदारों और निर्णय निर्माताओं को आकर्षित किया जाएगा। दुनिया भर के प्रमुख उद्यम और पेशेवर इस मंच पर एक साथ नज़र आएंगे, जहां वे व्यापार, प्रौद्योगिकी विनिमय, निर्यात-आयात और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेंगे।

इस एक्सपो का उद्देश्य एक उच्च गुणवत्ता वाला अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विकास मंच प्रदान करना है, जहां प्रदर्शक व्यापार का विस्तार कर सकते हैं, प्रौद्योगिकी विनिमय कर सकते हैं, नए उत्पाद प्रदर्शित कर सकते हैं और सहकारी भागीदार ढूंढ सकते हैं।

### प्राकृतिक और औद्योगिक गैसों के उत्पादन

प्राकृतिक और औद्योगिक गैसों के उत्पादन, प्रसंस्करण, शोधन, ईंधन, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे पर अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन 4-5 जुलाई 2024 को इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा, एनसीआर, यूपी में किया जाएगा।

# नोएडा के मॉडल रोड पर खर्च होंगे 41 करोड़

## चौकी होगी शिफ्ट, 30 की स्पीड, यूटिलिटी अंडरग्राउंड के साथ मिलेगा जाम फ्री ट्रैफिक

नोएडा। नोएडा में उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाया जाएगा। 15 जुलाई के आसपास इसका काम शुरू हो सकता है। इस रोड को मॉडल बनाने के लिए 41 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ये रोड नोएडा की सबसे व्यस्त रोड में शामिल है। इसलिए इसका स्ट्रक्चर डिजाइन भी खास तैयार किया गया है। ताकि आने-जाने वाले ट्रैफिक को यहां जाम न मिले। कंपनी को 3 महीने में पूरी सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित करनी होगी। बता दे नोएडा की ये रोड सामरिक दृष्टि ये महत्वपूर्ण है। ये रोड नोएडा इंडस्ट्रियल जोन में आती है साथ ही दिल्ली के 2 बार्डर को जोड़ती है। इसमें अशोक नगर व झुंडपरा शामिल है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बिजली और सिविल के सभी काम मिलाकर करीब 41 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस सड़क की लंबाई करीब दो किलोमीटर 500 मीटर है। रोड को मॉडल रूप में विकसित करने के लिए जरुरी है। वहां की सभी यूटिलिटी को ऐसा स्ट्रक्चर देना कि वो होते हुए भी लोगों को न दिखे। यानी सभी सुविधाएं भूमिगत होंगी। ये यूटिलिटी डक्ट सड़क से दो मीटर गहराई में बनाया जाएगा। ताकि कोई भी समस्या आने पर सड़क को न खोदा जाए बल्कि डक्ट को खोलकर समस्या का निपटारा किया जा सके।



लाइटिंग केबल
इलैक्ट्रिसिटी केबल
वाटर सप्लाई लाइन
टेलिकॉम केबिल
सीवर
गैस लाइन

### पुलिस चौकी होगी शिफ्ट , स्पीड लिमिट कम

मॉडल रोड बनाने से पहले गोल चक्कर पर बनी अस्थाई पुलिस चौकी को शिफ्ट किया जाएगा। ये चौकी कहा बनाई जाएगी इसका स्थान चिह्नित नहीं है। इस पूरे रास्ता की स्पीड लिमिट 30 किमी प्रतिघंटा होगी। इससे ज्यादा होने पर सड़क पर लगे स्पीड मीटर से ऑटोमैटिक चालान जनरेट हो जाएगा। इसका ध्यान रखना होगा।

### 4 लेन की होगी रोड, फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट होगी खास

वर्तमान में ये रोड को डिवाइडर लगाकर पार्ट में नहीं किया गया है। इस रोड को चार लेन का किया जाएगा। इसके बीच सेंट्रल वर्ज होगी। जिससे एक तरफ से यातायात जाएगा और दूसरी तरफ से आएगा। बीच में एक चौराहा भी होगा। इस चौराहे के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे। दोनों ओर 26.4 मीटर में ऑटो स्टैंड बनाया जाएगा। ताकि बीच सड़क पर ऑटो न रुके।

### लो हाइट पोल लगेंगे

सड़क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए यहां लो हाइट पोल लगाए जाएंगे। और क्रासिंग पर हाइट पोल लगेंगे। यहां सड़क पर सफेद एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। बहरहाल इस रोड का पूरा कॉन्सेप्ट तैयार कर लिया गया है। 15 जुलाई के आसपास इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

# नोएडा में गला दबाकर हत्या करके फेंका था शव

## पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा, 26 जून को बोरे में मिली थी लाश, नहीं हो पाई पहचान

नोएडा। 26 जून की शाम सेक्टर-72 स्थित अंत्येष्टि स्थल के निकट नाले में बोरे में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में व्यक्ति की गला दबाकर हत्या होने की पुष्टि हुई है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

उसकी पहचान के लिए सेक्टर-113 पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। हाल के दिनों में जनपद में जिन लोगों की गुमशुदगी दर्ज हुई है पुलिस उनका डाटा एकत्र कर रही है। शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।




आशंका जाहिर की जा रही है कि हत्या करने के बाद हत्यारोपी ने साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को बोरे में सिलकर नाले में फेंक दिया था। चौकी प्रभारी नवीन तोमर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

26 जून की शाम एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि सर्फाबाद गांव के अंत्येष्टि स्थल के पास नाले में बोरा पड़ा है जिसमें से बदबू आ रही है। पुलिस टीम ने जब बोरा बाहर निकाला तो उसमें अज्ञात व्यक्ति की लाश थी। देखने पर प्रतीत हो रहा था कि लाश दो से तीन दिन पुरानी है।

### मृतक के शरीर पर चोट के निशान

फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए थे। वीडियो ग्राफी के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। बोरे में शव मिलने पर स्थानीय लोग हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जता रहे थे।

हालांकि पुलिस अधिकारियों ने उस समय दावा किया था कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। एडिशनल डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### 500 रुपए और बीड़ी का मिला था बंडल

तलाशी के दौरान पुलिस को मृतक के पास से 500 रुपए और बीड़ी का बंडल बरामद हुआ था। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। डीएनए मिलान के लिए नमूने एकत्र कर लिए हैं।

पुलिस का दावा है कि मृतक की शिनाख्त और हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित हैं। जल्द ही मामले का पर्दाफ़ाश कर हत्यारोपी को दबोच लिया जाएगा।

# झमाझम बारिश से खुशनुमा हुआ एनसीआर

### लोगों को गर्मी से मिली राहत

नोएडा-एनसीआर में बुधवार दोपहर बाद मौसम अचानक बदल गया है। कई जगहों में बारिश शुरू हो गई है। जून माह के समाप्ति से ही तकरीबन प्रदेश के सभी राज्यों में जमकर बारिश शुरू हो रही है। बारिश के बाद लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। नोएडा के अलावा एनसीआर के कई दूसरे शहरों में भी बारिश शुरू हो गई है। इसके साथ चल रही तेज हवाएं लोगों को झूमने पर मजबूर कर रही हैं।

### पहाड़ों की बारिश ने एनसीआर को चहकाया

मानसून आने के बाद से पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश से वहां रहने वाले लोगो का अस्त-व्यस्त होने लगा है। पहाड़ो के कई गांवों में पानी भर गया है। मौसम विभाग ने क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

### गर्मी और धूप से मिली राहत

पिछले कई दोनों से गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा था, जिससे हर कोई परेशान था। मानसून के आने से लोगों को राहत मिल गई। दोपहर में तेज बारिश से मौसम बदल गया। मौसम विभाग की माने तो अब आने वाले एक सप्ताह तक नोएडा एनसीआर में लगातार बारिश होगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 1181 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण

## 6 गांवों की जमीन ली गई, स्टेज-2 के पहले फेज का होगा काम

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के स्टेज-2 के फेज-1 निर्माण के लिए 1181.2793 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया। ये जमीन भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्था पन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत किया गया। जिन छह गांव में जमीन का अधिग्रहण किया गया उनमें रन्हेरा, कुरैब, करौली बांगर, दयानतपुर, वीरमपुर एवं मुढरह है।

जिला प्रशासन द्वारा ग्राम दयानतपुर, वीरमपुर एवं मुढरह के कृषकों से अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा भूमि का कब्जा प्राप्त कर नोडल एजेन्सी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास




प्राधिकरण के अजय कुमार शर्मा डिप्टी कलेक्टर भूलेख, प्रभात कुमार तहसीलदार भूलेख, मनीष सिंह नायब तहसीलदार एवं परियोजना विभाग को हैंडओवर किया गया।

इसमें दयानतपुर की 145.0131 हेक्टेयर, वीरमपुर की 54.6280 हेक्टेयर, मुढरह 37.3060 हेक्टेयर कुल 236.9471 हेक्टर भूमि सम्मिलित है। इसके अलावा तीन और गांवों में जमीन पर कब्जा लेने की कार्रवाई की जा रही है।

### 31 मई तक 78.11 त्न काम हो चुका है पूरा

31 मई तक कुल परियोजना का 78.11 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। फेज-1 की कुल अनुमानित विकास लागत 10,056 करोड़ रुपए है। जिसमें जेवर में 1,334 हेक्टेयर साइट क्षेत्र शामिल है। कुल लागत में से, राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण पर 4,328.05 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। अब तक 7,798.35 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

# नोएडा प्राधिकरण को कोर्ट से झटका : गार्डेनिया समूह के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई

नोएडा। जीबीनगर कॉमर्शियल कोर्ट ने गार्डेनिया समूह के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। प्राधिकरण ने बकाया नहीं देने पर डेवलपर का भूमि आवंटन आंशिक रूप से रद्द कर दिया था और बिना बिकी इन्वेंट्री को जब्त कर लिया था।

अदालत ने कहा- इस तरह की कार्रवाई से कंपनी को नुकसान होगा। प्राधिकरण की एसीईओ वंदाना त्रिपाठी ने बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। जो जानकारी मांगी गई है उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

जीबी नगर कॉमर्शियल कोर्ट के पीठासीन अधिकारी इंदर प्रीत सिंह जोश ने अपने आदेश में नोएडा प्राधिकरण को डेवलपर की संपत्ति को कब्जा मुक्त करने और सुनवाई की अगली तारीख तक नीलामी, डे टू डे कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा पैदा करने से रोक दिया है। अदालत ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्राधिकरण को समन भी जारी किया।




सुनवाई की अगली तारीख 12 जुलाई तय की गई है।

### प्राधिकरण ने ये जारी किया था आदेश

सेक्टर-75 इको सिटी के लिए 6 लाख वर्ग मीटर जमीन एम्स मैक्स गार्डेनिया डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड है। 31 दिसंबर 2023 तक इस पर 1717.29 करोड़ रुपए का बकाया है। सेक्टर-75 इको सिटी में डेवलपर द्वारा कुल 6 लाख वर्ग मीटर जमीन में से 60 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कॉमर्शियल निर्माणाधीन अनसोल्ड ब्लॉक है। इसकी लीज डीड निरस्त कर यहां ब्लाक-ए, बी, सी एंड डी को अटैच करने का निर्णय लिया गया था। इसकी नीलामी करने का आदेश दिया था। ताकि बकाया वसूला जा सके।

### डेवलपर ने प्राधिकरण के आदेश को दी चुनौती

डेवलपर ने प्राधिकरण की कार्रवाई को अदालत में चुनौती दी। जिसमें

## प्राधिकरण को जारी समन, 12 जुलाई अगली सुनवाई

कहा कि उसने मई महीने में अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत प्राधिकरण को सहमति दे दी थी। साथ ही प्राधिकरण के खाते में 1 करोड़ रुपए भी जमा किए थे। अदालत ने पाया कि प्राधिकरण द्वारा 60000 वर्ग मीटर कॉमर्शियल भूमि को रद्द करना अव्यावहारिक है। डेवलपर को 6 लाख वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई थी, जो संयुक्त संपत्ति थी। साथ ही इस संबंध में चार लीज डीड किए गए थे। जिनकी माप 3,30,474.67, 23,916 , 2,09,668.87 और 35940.46 वर्ग मीटर है।

अदालत ने आदेश में कहा कि इससे यह स्पष्ट है कि कोई भी लीज डीड 60,000 वर्गमीटर के लिए नहीं है। उपरोक्त चार लीज डीड में से 10 प्रतिशत कॉमर्शियल निर्माण के लिए है। इसलिए भूमि को रद्द करना अव्यावहारिक है। अदालत के आदेश में आगे कहा कि डेवलपर लगभग 14 सालों से विकास कार्य कर रहा है और उनके द्वारा काफी निवेश किया गया है।

### कंपनी की विश्वसनीयता पर उठेगा सवाल

जहां तक क्षति का सवाल है, इस संबंध में कहा कि डेवलपर ने लगभग 470 आवंटियों के पक्ष में लीज डीड की है। इसके अलावा वादी एक निजी कंपनी है, जिसकी अपनी विश्वसनीयता है। वादी ने बहुत अधिक निवेश किया है और संपत्ति पर निर्माण किया है। कई अन्य कंपनियों का भी वादी की संपत्ति पर अधिकार है।

ऐसे में अगर उनका प्रोजेक्ट रद्द होता है तो तीसरे पक्ष के मुकदमे की पूरी संभावना है। इससे उनकी कंपनी की विश्वसनीयता को अपूर्णीय क्षति होगी और वित्तीय नुकसान भी होगा।

# गंगा का लगातार बढ़ रहा जलस्तर

## हरिद्वार, नरौरा से छोड़ा जा रहा पानी; रोज 20 सेमी. बढ़ रहा कानपुर में जलस्तर

कानपुर। पहाड़ों पर हो रही बारिश से कानपुर में गंगा का जलस्तर हर घंटे बढ़ रहा है। रोज औसतन 20 सेमी. से अधिक जलस्तर ऊपर चढ़ रहा है। बैराज पर गंगा का जलस्तर 113.08 मीटर पर पहुंच गया है। पिछले पांच दिनों में गंगा में करीब 70 सेमी. पानी बढ़ा है। इसे देखते हुये जिला प्रशासन ने बाढ़ की आशंका पर बचाव प्रबंध करने शुरू कर दिए हैं।



### पीछे से छोड़ा जा रहा ज्यादा पानी

हरिद्वार और नरौरा डैम से छोड़े जाने वाले भारी मात्रा में पानी से यहां बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि अभी घबराने की बात नहीं है। लेकिन अच्छी बारिश होने के चलते बाढ़ का खतरा आगे बढ़ सकता है। वहीं हरिद्वार से 11,396 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

ये डिस्चार्ज वक्त के साथ और बढ़ता जाएगा, जिसके बाद कानपुर में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। पीछे से आ रहे पानी को देखते हुए गंगा बैराज के 8 गेट खोले गए हैं, इनकी ओपनिंग भी बढ़ा दी गई है।

जिला प्रशासन की टीम नगर निगम व अन्य विभागों के साथ बाढ़ चौकियों की स्थापना और कैंपों की व्यवस्था में जुट गई है।

इस बार कैंपों में पहुंचने वाले शरणार्थियों के लिए जरूरी संसाधनों के साथ मनोरंजन के लिए टीवी, रेडियो और अखबार का भी बंदोबस्त किया जाएगा।

### नगर निगम करेगा व्यवस्थाएं

प्रशासन ने अपर नगर आयुक्त को भेजे पत्र में कहा है कि राहत कैंप में साफ-सफाई के साथ ही शरण लेने बालों के लिए, बिस्तर, तकिया, चादर और चारपाई तथा पंखे की व्यवस्था की जाए। राहत कैंप में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए जाएंगे।

महिलाओं की सुरक्षा के लिसे महिला गाई, होमांड, पीआरडी जवानों की नियमित पाली वार ड्यूटी लगाने के लिये निर्देशित किया गया है। नगर निगम को सजाई एवं वेस्ट डिस्पोजल के प्रबंध करने होंगे। राहत कैंपों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगेगा। पांडु नदी में बाढ़ आने पर प्रभावित क्षेत्रों के लिए पशु कैंप भी बनाए जाएंगे।

### यहां-यहां बनेंगी बाढ़ चौकियां

कोहना चौकी के पूरब की और कटरी, चैनपुरवा, घारमखेड़ा, दिगनीपुरतवा पहाड़ीपुर, छोटा मंगलपुर, वैराज से सिंहपुर की ओर भोपालपुरवा, बनियापुरवा, बगला, पुराना द्वल्लापुरवा, गिल्ली का पुरवा, दुर्गा का पुरवा, भगवानदीनपुरता, जाजमऊ से उन्नाव की और मारा, छब्बूपुरता, गुद्दीपुरता, निहालखेडा, नई बस्ती, नया पीपरखेडा, पुराना पीपरखेड़ा, दीनकनगर, बदुवाखेडा, जुराखनखेहा।

# अमेठी में प्रेमी ही निकला युवती का हत्यारा

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बडगांव निवासी ज्ञानेंद्र मौर्य ने 26 जून को लिखित तहरीर दे कर बताया कि उसकी उर्मिला मौर्य (34) गोरखपुर के लिये निकली थी जबकि अगले दिन उसका शव छाछा गांव के पास मिला।

इसी बीच मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बगिया चौराहा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है।

पुलिस ने मौके पर जाकर उससे पूछताछ की जिसे अपना नाम ओम शंकर द्विवेदी बताया। उसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसका और उर्मिला का लगभग 10-15 वर्ष पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

इसी बीच कुछ वर्ष पूर्व उर्मिला की शादी हो गई। उर्मिला की शादी के बाद ओमशंकर की भी शादी हो गई।फिलहाल ओम शंकर की शादी के बाद उसे दो बच्चे भी है।

वही उर्मिला की शादी कुछ वर्ष बाद टूट गई । अब उर्मिला अपने मायके बड़गांव में ही रहने लगी।शादी टूटने के बाद उर्मिला और ओमशंकर फिर एक बार एक दूसरे के नजदीक आ गए। उर्मिला के घर के सामने ही ओम शंकर की दुकान है।

जिस पर उर्मिला सामान लेने जाती थी।दोनो के बीच फोन से बात भी होती काफी होती थी। कुछ दिनों से उर्मिला ओमशंकर के ऊपर शादी करने का दबाव बना रही थी।

उसने बदनामी की डर से उर्मिला को रास्ते से हटाने की योजना बनायी और 26 जून को वह उर्मिला को बाइक पर बैठा कर छाछा गांव के एक सूनसान जंगल में ले गया और उसके माथे पर सटाकर गोली मार दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## शार्ट न्यूज

### आंगनबाड़ी में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाला एक और वांछित गिरफ्तार

ललितपुर। तालबेहट, पुलिस ने जनपद में लोगों को आंगनबाड़ी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे ठगी करने के आरोप में एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफतार पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना तालबेहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 162/24 धारा 420/467/468/471 भादवि व मु0अ0सं0 165/24 धारा 420/467/468/471 भादवि में वांछित 25 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त जगदीश कुशवाहा पुत्र मोहन लाल कुशवाहा उम्र करीब 50 वर्ष नि0 ग्राम डोंगराकलां थाना नाराहट जनपद ललितपुर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बम्हौरीसर हाईवे के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। वादिया मुकदमा द्वारा थाने पर सूचना दी गयी कि अभियुक्तगण बसंत राज गुप्ता उर्फ बन्टू सनातनी पुत्र रामसेवक गुप्ता नि0 मोहल्ला रावतयाना थाना कोतवाली ललितपुर आदि दो द्वारा वादिया व वादिया के दो मित्रो के आगनवाड़ी कार्य सहायक एवं सुपरवाइजर नौकरी का झांसा देकर कुल 03 लाख 12 हजार 500 रूपये की ठगी करना व नकली फर्जी तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार करने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी ।

### जल भराव निकासी एवं समाधान के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने श्यामनाथ रोड तिवारी चौराहे का किया निरीक्षण

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर । जिला अधिकारी अभिषेक आनंद ने आज बारिश एवं जलभराव के निकासी एवं समाधान के दृष्टिगत श्यामनाथ रोड तिवारी चौराहा स्थित मोहल्ला पूर्णागिरी नगर व मुंशीगंज आदि वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी व उप जिला अधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी को निर्देश दिये कि जलभराव की समस्या को विभिन्न तकनीकों के माध्यम से त्वरित दूर किया जाये ताकि जलभराव से ग्रसित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचानें व उनके खान-पान, लंच पैकेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। नगर के तालाबों को खाली कराया जाये। जलभराव की समस्या का स्थायी रूप से समाप्त करने पर प्रभावी रणनीति बनाकर उसका निस्तारण किया जाये।

### जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर । जिला अधिकारी अभिषेक आनन्द ने आज जिला चिकित्सालय सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर के रजिस्टर पर अंकित विवरण का अवलोकन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0इन्द्र सिंह से डॉक्टरों का सेड्यूल की जानकारी ली व विभिन्न वार्डों एवं ओ0पी0डी0 कक्ष निरीक्षण कर अनुपस्थित डाक्टरों के अनुपस्थित होने का कारण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से पूछा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कुछ चिकित्सकों के अनुपस्थित होने का कारण बताते हुये लड़खड़ा गये,वहीं कुछ अनुपस्थित चिकित्सकों का कारण बताने में निरूत्तर रहे। जिला अधिकारी अभिषेक आनन्द ने ओ0 पी0डी0कक्ष के निरीक्षण के दौरान कई कक्षों में चिकित्सक गायब मिले। कारण पूछनें पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बचाव करते हुये बारिश का सहारा लिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के उत्तरों से संतुष्ट न होने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में जाकर चिकित्सकों की उपस्थिति रजिस्टर का गहनता से अवलोकन किया।

### युवती को ब्लैकमेल कराने वाला गिरफ्तार

भदोही (संत रविदास नगर)। भदोही के औराई थाना की पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म और धमकी देने के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। विगत 7 वर्ष पूर्व से युवती के साथ संपर्क में होकर शारीरिक संबंध बनाया था। आरोपी फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर रहा था। औराई थाने में 2 जुलाई की सायं 24 वर्षीय युवती द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि जब वह 17 वर्ष की थी। तब एक युवक संपर्क में आया तथा उसके द्वारा शारीरिक संबंध बनाया गया। उसके द्वारा फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल किया जा रहा है। महिला की सूचना पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तारी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ.मीनाक्षी कात्यायन द्वारा महिला संबंधित अपराध में त्वरित कार्रवाई और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए दिए गए निर्देश के क्रम में आज थाना औराई पुलिस टीम द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म व धमकी देने के आरोपी तबरेज अहमद पुत्र अहमद अली निवासी घोसिया मिश्रानी थाना औराई जनपद भदोही को पुरुषोत्तमपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### चंदौली में अंतरजनपदीय तस्कर गिरफ्तार

चंदौली। चंदौली के सदर कोतवाली पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान एक अंतरजनपदीय असलहा तस्कर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान तस्कर के पास से पांच अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसे तस्कर के द्वारा मध्य प्रदेश के खांडवा से लेकर वाराणसी में डिलेवरी देने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस टीम के द्वारा तस्कर से मिली अहम जानकारी के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ शिकंजा करने की पहल शुरू हो चुकी हैं। बुधवार को एएसपी विनय कुमार सिंह ने तस्कर की गिरफ्तारी और बरामदगी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस, सर्विलांस और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि जगदीश सराय ओवर ब्रिज के पास में एक व्यक्ति एक काले पिठ्ठु बैग के साथ खड़ा है। इसमें कोई संदिग्ध वस्तु हो सकती है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चंदौली गगन राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस हरिनारायण पटेल और स्वाट मय हमराह जगदीशसराय ओवर ब्रिज की ओर आगे बढ रहे संदिग्थ व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख भागने का प्रयास करने लगा। मौजूदा पुलिस टीम ने घेरान्दी करके गिरफ्तार कर लिया।

### अम्बेडकरनगर में घर गिरने से महिला की मौत

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में आधी पानी के दौरान करकट नुमा घर गिरने से उसमें सो रही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। उसी घर में सो रहा एक अन्य बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। घर गिरने की सूचना पर पहुंचे आसपास के लोगों ने मलबा हटाकर घायल को इलाज के लिया अस्पताल में भर्ती कराया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलापुर थाना इलाके के विमावल गांव निवासी रामलोचन (80) और उनकी पत्नी लाली देवी करकट नुमा मकान में सो रहे थे। मंगलवार देर रात आधी पानी के दौरान उनका घर भरभरा कर गिर गया, जिससे उसमे सो रहे रामलोचन और उनकी पत्नी लालीदेवी दब गईं। घर गिरने की आवाज सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने कड़ी मशकक्त कर दोनों को बाहर निकाला। इस दौरान लालीदेवी की मौत हो गई, जबकि राम लोचन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। तहसीलदार आलापुर राजकपूर, थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# सुलतानपुर में करंट से 2 भाइयों की मौत

सुलतानपुर। सुलतानपुर में दो सगे किसान भाइयों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिवार की ओर बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन पुलिस हीलाहवाली बरत रही थी। इस पर परिवारिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। बुधवार को जब केस दर्ज हुआ तब जाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

सोनावा गांव निवासी छोटे लाल यादव (60) पुत्र कालू यादव खेत देखने के लिए मंगलवार सुबह गए थे। खेत के पास ही वो बिजली के खम्भे पर लटक रहे तार के करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने मदद के लिए गुहार लगाई इस पर छोटा भाई रामदीन यादव व उनकी पोती अर्चना दौड़ी। रामदीन और अर्चना छोटे लाल को पकड़ते ही करंट की चपेट में आ गए। इसमें छोटे लाल व रामदीन की मौके पर मौत हो गई। अर्चना (17) झुलस गई उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा भिजवाया जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### इब्राहिमपुर घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

घटना को लेकर मृतक के पोते अमिल यादव ने मंगलवार को ही चांदा थाने पर तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को बचाने में जुटी थी। इससे नाराज होकर परिजनों ने शव के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। पुलिस के यहां हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में बुधवार को कोइरीपुर सब स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारियों पर जब केस दर्ज हुआ तब शव का अंतिम संस्कार इब्राहिमपुर घाट पर किया गया।

# 27 साल से फरार 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने 27 साल से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें जमानत कराने के बाद वह न्यायालय में पेश नहीं हुआ था। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मोहल्ला नई आबादी खालापार निवासी शहजाद पुत्र कुरैशी के विरुद्ध थाना सिविल लाइंस पर वर्ष 1997 में चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में आरोपी शहजाद को वर्ष 2007 अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट से जमानत मिल गई थी। उसके बाद से वह लगातार न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। इसके चलते न्यायालय ने शहजाद के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

# ज्ञानवापी के वजूखाने के सर्वे की मांग पर सुनवाई टली

## मुस्लिम पक्ष इलाहाबाद हाईकोर्ट में नहीं हुआ पेश, अब 9 जुलाई को होगी सुनवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष के कोर्ट में पेश न होने की वजह से ज्ञानवापी मामले की सुनवाई टल गई। अब 9 जुलाई को सुनवाई होगी। ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने का भी सर्वेक्षण एएसआई आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कराए जाने की मांग पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी। ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग को लेकर श्रृंगार गौरी केस की मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह की तरफ से इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि जिस तरह से ज्ञानवापी के पूरे परिसर का सर्वे किया गया है उसी तरह से सील किए गए वजूखाने का भी सर्वे किया जाना



चाहिए।

### हाईकोर्ट में 22 मई को हुई थी सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट में इससे पहले 22 मई को मामले की सुनवाई हुई थी। मामले में ज्ञानवापी मस्जिद की इंतजामियां कमेटी ने अपना जवाब दाखिल करना था। तब सुनवाई के बाद जस्टिस अजित कुमार की बेंच ने मामले को चीफ जस्टिस के समक्ष दूसरी बेंच के गठन के लिए भेजा था। अब कोर्ट नंबर 69 में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच मामले की सुनवाई करेगी।

### दो साल पहले वजूखाना हुआ था सील

2 साल पहले शिवलिंग मिलने के बाद वजू खाने को सील कर दिया गया था। मुस्लिम पक्ष की ओर से इसे फव्वारा बताया जाता है लेकिन हिन्दू पक्ष उसके शिवलिंग होने का दावा करता है। इससे पहले ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वे किया गया था। जबकि वजूखाने का सर्वे नहीं हुआ था। कोर्ट के आदेश पर ये हिस्सा सील बंद हैं।

# कानपुर क्राइम ब्रांच के 22 पुलिस कर्मियों पर एक्शन

## 4 दरोगा, 3 हेड कॉन्स्टेबल और 15 कॉन्स्टेबल एक साथ लाइन हाजिर

कानपुर। कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने क्राइम ब्रांच के दरोगा और कॉन्स्टेबलों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नर ने एक झटके में क्राइम ब्रांच के 22 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। हांलाकि इस कार्रवाई को लेकर सभी पुलिस अफसर चुप्पी साधे हुए हैं, आखिर यह कार्रवाई क्यों की गई है।




### डीसीपी की रिपोर्ट के बाद किए गए लाइन हाजिर

कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव की एक रिपोर्ट के बाद 22 पुलिस कर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया।

इतनी बड़ी संख्या में क्राइम ब्रांच में तैनात पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के पीछे कोई बड़ी वजह माना जा रहा है, लेकिन पुलिस अफसरों ने पूरी कार्रवाई को बेहद गोपनीय ढंग से किया है। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि इन सभी को जनहित में लाइन हाजिर किया जा रहा है।

### ये दरोगा हुए लाइन हाजिर

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल अपराध शाखा में तैनात दरोगा पवन प्रताप, सर्विलांस सेल के सचिन कुमार, बृजेश भाटी और स्वाट टीम में तैनात दरोगा राहुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय ढंग से की गई है।

### इन कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबलों पर गिरी गाज

इसके साथ ही कांस्टेबल रोबिन सिंह, अजय कुमार, धर्मेन्द्र प्रताप, पवन राजपूत, अभिषेक कुमार, राजेश कुमार, पुष्पा सिंह, मोनिका, पूनम परिहार, अमिता यादव, विजय लक्ष्मी, प्रियंका पांडेय, अरुणा सिंह और प्रदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से क्राइम ब्रांच से लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# बिजनौर में युवक से लूट का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। बिजनौर के स्योहारा इलाके में 20 दिन पहले घर में घुसकर लूटपाट करने और युवक को गोली मारने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस और स्वाट टीम ने आज गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का है और उस पर गैंगस्टर सहित डेढ़ दर्जन के करीब केस दर्ज हैं। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कवायद में जुट गई है, जबकि उसके दो साथी अभी फरार हैं। मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र का है, जहां के सिपाहियों वाला गांव में 12 जून की रात को तीन लुटेरे गांव के रहने वाले फुरकान के घर में खिड़की की ग्रिल काटकर घुस गए थे और घर में रखा लाखों रुपए कीमत का सामान और नगदी लेकर भाग रहे थे। इसी दौरान फुरकान का बेटा आमिर (35) जाग गया। उसने पीछा करके एक लुटेरे को पकड़ लिया। इस दौरान लुटेरे ने अपने आप को घिरता देख आमिर को गोली मार दी और फरार हो गए थे। गंभीर रूप से घायल आमिर को पहले सीएससी और फिर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। आमिर के भाई समीर के तहरीर पर पुलिस ने लूट की धारा में केस दर्ज किया था और आरोपियों की तलाश में जुट गई थी।

# मोहर्रम और सावन मास को लेकर की गई पीस कमेटी की मीटिंग



**ललितपुर।** बानपुर सावन मास, एवं मुहर्रम को शांतिपूर्वक मनाएं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष बानपुर सियाराम वर्मा द्वारा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। पुलिस सभी पर नजर रख रही है। अफवाह फैलाने और अराजकता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष सियाराम वर्मा ने कही। थाना बानपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई। बैठक में क्षेत्र के ताजियादार और सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सियाराम वर्मा ने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा हम सभी को बनाए रखनी है। त्योहारों का आनंद तभी है जब हम सब मिल बैठकर उस का आनंद लें। दोनो ही त्योहार ईश्वर के प्रति त्याग और समर्पण को दर्शाता है, ऐसी अवस्था मे लोग शांति और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी अपनी आस्था के अनुसार पूजा और इबादत करें। इसके साथ ही बताया गया कि किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। सरकार के दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि सभी लोगों को सरकार की गाइडलाइन माननी पड़ेगी अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्ट न डाले व पोस्ट को शेयर न करें।

### लखनऊ में छात्रा पर एसिड अटैक

लखनऊ। लखनऊ में बुधवार सुबह छात्रा पर सिरफिरे युवक ने एसिड फेंक दिया। छात्रा अपने भाई के साथ मेडिकल कॉलेज में काउंसिलिंग के लिए जा रही थी। बचाने में छात्रा का भाई भी झुलस गया है। वारदात चौक इलाके के लोहिया पार्क के पास सुबह करीब 8 बजे हुई। पुलिस दोनों भाई-बहन को केजीएमयू लेकर गई। दोनों को प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया है। छात्रा का भाई केजीएमयू में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर का छात्र है। छात्रा के पिता शरद तिवारी व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं और चौक इलाके में व्यापार करते हैं। चाचा संदीप तिवारी भाजपा में मंडल उपाध्यक्ष हैं। आरोपी का नाम अमन वर्मा बताया जा रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि आरोपी अमन वर्मा कुछ दिनों से छात्रा को फोन करके परेशान कर रहा था। केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. विजय कुमार ने बताया- लड़की के चेहरे का एक हिस्सा बुरी तरह झुलस गया है। जबकि उसके भाई की पीठ का हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दोनों की पट्टी करने के बाद फिलहाल एक्सपर्ट डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।

# युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु.अ.सं.-551/2024 धारा - 364 ए भादवि में वांछित अभियुक्तों निशान्त कंचन पुत्र महेश कंचन उम्र करीब 28 वर्ष नि0 छोटी मस्जिद के पास सूर्यपुरम कालौनी आवास विकास थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी पवन सिंह पुत्र स्व0 रघुराज सिंह उम्र करीब 36 वर्ष नि0 ग्राम पटगवां थाना कटेरा जनपद झाँसी रोहित प्रताप सिंह पुत्र अमित कुमार सिंह उम्र करीब 28 वर्ष नि0 सूर्यपुरम कालौनी आवास विकास थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी को मुखबिर खास की सूचना पर हाइवे के किनारे से ग्राम कुमरौल जाने वाले रोड थाना कोतवाली जनपद ललितपुर से गिरफ्तार कर में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। मुकदमा वादी बृजेन्द्र यादव पुत्र भगवत सिंह यादव नि0 काला पहाड़ी थाना पिछोर जनपद शिवपुरी म0प्र0 द्वारा वादी के भाई नरेन्द्र यादव पुत्र



घनश्याम यादव नि0 सुमेरनगर थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र करीब 25 वर्ष को अज्ञात व्यक्ति द्वारा झाँसी के इलाइट चौराहे के पास से उठा लेना और 10 लाख रूपये मांगने लेने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली जनपद ललितपुर में सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अपहर्त की बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में चार टीमे स्वाट टीम, साइबर, सर्विलांस व थाना स्तर से गठित की गयी है । अपहर्त के मोबाइल का सर्विलांस के माध्यम से विश्लेशण किया गया । सर्विलांस से प्राप्त साक्ष्यों व धरातलीय सूचना के आधार पर अपहर्त नरेन्द्र यादव को सकुशल बरामद कर अभियुक्तों निशान्त पवन सिंह रोहित को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण ने पूछतांछ में बताया कि हम लोग ऐसे लोगो को टारगेट करते हैं जो साइबर क्राइम करने वाले लोगो के संपर्क में रहते हैं और उन्हे फर्जी सिमे, कूटरचित दस्तावेज से बनाए गए बैंक आकाउंट उपलब्ध कराते हैं । ऐसे लोग जो साइबर अपराधियों के साथ मिलकर बडे स्तर पर रूपये कमाए रहते है और ऐशो आराम का जीवन जी रहे होते हैं , ऐसे लोगो कों चिन्हित कर उनका चार पहिया गाड़ी से हम लोग उठा लेते हैं । हमे जानकारी हुई थी कि नरेन्द्र यादव जो झाँसी के प्रेमनगर का रहने वाला है ,यह साइबर अपराधियों के संपर्क में है और फर्जी एकाउण्ट व सिमे दिलवाता है । ऐसा करके नरेंद्र यादव ने लाखों रुपये कमा लिया थे । नरेंद्र ने लगभग 3 लाख रुपये की एक गाड़ी भी ख़रीदी थी , महँगे फ़ोन रखता था।

## म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच फिर जंग.....भारत मिजोरम को लेकर चिंतित

रंगून ।म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच जारी जंग फिर से भारत की सीमा के पास पहुंच गई है। जिससे इसकी आशंका बढ़ गई है कि इसका असर भारतीय राज्य मिजोरम तक पहुंच सकता है। म्यांमार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुके व्रिदोहियों ने सरकारी सेना को अन्य हिस्सों से भी उखाड़ फेंकने के लिए नया सैन्य अभियान शुरू किया है। रिपोर्ट के अनुसार वहीं विद्रोहियों के दो गुटों के बीच में आपस में भी लड़ाई शुरू हो गई है। इससे हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सेना ने चिन राज्य में चल रही गतिविधियों को लेकर पूरी सतर्कता बरत रखी है और हालात पर नजर बनाए हुए है। म्यांमार का चिन राज्य देश के सबसे गरीब इलाके में आता है। चिन राज्य और मिजोरम राज्य के बीच में 510 किमी लंबी खुली सीमा है जहां कोई बाड़ नहीं लगी है। एक भारतीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि ताजा लड़ाई सेना और विद्रोहियों के बीच में बांग्लादेश की सीमा के करीब हुई है, लेकिन हम इस विद्रोह को हल्के में नहीं ले सकते हैं। एक दूसरे सूत्र ने कहा कि चिन राज्य में हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुंटा सेना ने एक नदी पुल को उड़ाया था जिससे मिजोरम और म्यांमार के बीच व्यापार जून से बंद है। विद्रोहियों के कई इलाकों मे आगे बढ़ने के बाद चिन राज्य में सुरक्षा के हालात बहुत खराब हैं। पीपुल्स डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने जुंटा सेना के एयर डिफेंस बटालियन और 8 अन्य सैन्य अड्डों को मांडले में जब्त कर लिया है। म्यांमार की निर्वासित सरकार ने बताया कि ताजा लड़ाई पूर्वी शान राज्य में भी शुरू हो गई है जहां सरकारी सेना ने चीन के कराए सीजफायर का उल्लंघन किया था। बता दें कि भारतीय विदेश मंत्री म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध पर गहरी चिंता जाहिर की है। भारत ने मदद का ऑफर भी दिया है।

## इटली पुलिस ने भारतीय श्रमिक की मौत मामले में खेत के मालिक को गिरफ्तार किया

रोम । इटली पुलिस ने कृषि उपकरण से हाथ कटने के कारण हुई भारतीय श्रमिक की मौत मामले में खेत के मालिक को गिरफ्तार किया है। अभियोजकों ने बताया कि खेत के मालिक ने खून से लथपथ श्रमिक को उसी के हाल पर छोड़ दिया था और एम्बुलेंस तक को फोन नहीं किया और अधिक खून बहने के कारण श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक की पहचान सतनाम सिंह के रूप में हुई है जो एक अवैध प्रवासी था। सिंह की मौत से इटली के लोग सकते में हैं और कार्य स्थल पर बेहतर माहौल की मांग को लेकर कृषि संघों और श्रमिकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन में श्रमिकों ने इटली के कृषि उद्योग में कम वेतन पर काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों का शोषण करने वाली व्यवस्था को खत्म करने का आह्वान किया। देश के राष्ट्रपति सर्जियो मटेरेला ने भी मामले पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि सिंह जैसे श्रमिकों के साथ ''क्रूरता' की जाती है और इटली में कृषि श्रमिकों को अक्सर ''अमानवीय'' हालात में काम करना पड़ता है। बयान में कहा कि खेत के मालिक एंटोनेलो लोवाटो को गिरफ्तार किया गया है। फॉरेंसिक जांच में पता चला कि सिंह की मौत ''अत्यधिक रक्त बहने'' के कारण हुई थी।

## अंतरिक्ष में भी अमेरिका को टक्कर देने की तैयार में ड्रैगन, अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में खुलासा



वाशिंगटन ।अंतरिक्ष में लंबे समय से अमेरिका ने अपनी बादशाहत कायम रखी थी, लेकिन अब बादशाहत पर खतरा है। चीन जिस तेजी से अंतरिक्ष में अपनी क्षमता को बढ़ाते हुए रणनीतिक युद्धाभ्यास पर जोर दिया है, वह जल्द ही अमेरिका को चुनौती देने में सक्षम होगा। अमेरिकी थिंक टैंक अपनी नई रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। रिपोर्ट में चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पिछले दो दशकों में हासिल की गई अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं पर विश्लेषण किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के नेता शी जिनपिंग अमेरिका एक कमजोर होती ताकत के रूप में देख रहे हैं। इसकारण चीन अब भविष्य में अंतरिक्ष में मुकाबले के लिए आक्रामक तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट बताती है कि चीन अंतरिक्ष में अपनी सैन्य तैयारियों को मुख्य रूप से अमेरिका को ध्यान में रखकर तैयार कर रहा है। अमेरिकी थिंक टैंक ने सलाह दी है कि अमेरिकी अधिकारियों को बहुत कम संचार के साथ त्वरित निर्णय लेने की उम्मीद करनी चाहिए और अंतरिक्ष संकटों में पीएलए से सहयोग की उम्मीद नहीं करनी चाहिए ।इसमें कहा गया है कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल को शांतिकाल में भी पीएलए की आक्रामक कार्रवाइयों के लिए तैयार रहना चाहिए।

## पाकिस्तान में नासूर बना आंतक...380 मौतें

लौहार । पाकिस्तान में 240 आतंकी घटनाओं और आतंकवाद विरोधी अभियानों के परिणामस्वरूप हिंसा से जुड़ी 380 मौतें और नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों और अपराधियों के बीच 220 चोटें दर्ज की गईं।एक रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत हिंसा के केंद्र थे, इस दौरान लगभग 92 प्रतिशत मौतें और 87 प्रतिशत हमले (आतंकवाद और संचालन की घटनाओं सहित) हुए। रिपोर्ट में बताया गया कि पूरे पाकिस्तान में हिंसा और हताहतों की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई और देश में समग्र हिंसा में 12 प्रतिशत की कमी देखी गई, जिसमें पहली तिमाही में 432 की तुलना में 380 मौतें दर्ज की गईं। सबसे उल्लेखनीय सुधार बलूचिस्तान में देखा गया, जहां हिंसा में 46 प्रतिशत की कमी आई, इस वर्ष की पहली तिमाही में मृत्यु दर 178 से घटकर दूसरी तिमाही में 96 रही। हालाँकि, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में पिछली तिमाही की तुलना में क्रमश: 13 और 31 मौतों की वृद्धि के साथ हिंसा में वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों को कुल मौतों में से 62 प्रतिशत का नुकसान हुआ, जो डाकूओं के बीच 38 प्रतिशत की घातक क्षति से काफी अधिक है। सांप्रदायिक हिंसा के कारण करीब 11 लोगों की जान चली गई।

## 6700 करोड़पतियों का नया आशियाना बनने को तैयार दुबई

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का व्यापारिक केंद्र दुबई दुनिया भर के अमीरों के आकर्षण का केंद्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुबई में इस साल 6700 करोड़पतियों के आने का अनुमान है। अब दुबई में आने वाले अमीर लोगों की संख्या अमरीका से लगभग दोगुना है। अमरीका में इसतरह के 55 लाख लोग 10 लाख डॉलर या उससे अधिक की संपत्ति रखते हैं।

दुबई व्यापार करने के लिए आसान जगह होने के साथ ही दुनिया में लगभग हर जगह के लिए यहां से सुविधाजनक उड़ानें है। इसकी सड़कें न्यूयॉर्क या लंदन की तुलना में ज्यादा साफ-सुथरी और अधिक सुरक्षित हैं। दूसरा यह विदेशी अमीरों को इसलिए भी अपनी ओर आकर्षित करता है क्योंकि यहां पर आय, संपत्ति या पूंजीगत लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता है। रिपोर्ट में कहा गया है लंबे समय से पड़ोसी देशों के अमीर रूसियों, भारतीयों और अरबों के लिए एक शरणस्थल रहा दुबई अब मुगल प्रवासियों के एक नए समूह को आकर्षित कर रहा है ।फ्रांस में कट्टर-दक्षिणपंथी सरकार के सत्ता में आने की खबरों के बाद फ्रांस के अमीर दुबई में बसने के लिए ब्रोकर और एजेंटों को कॉल कर रहे हैं। 2024 के पहले तीन महीनों में दुबई में भारतीयों के साथ-साथ फ्रांसीसी और इटालियंस घर खरीदने में सबसे ज्यादा उत्साहित थे। कहा जा रहा है कि फरवरी माह में यूरोपीय लोगों ने दुबई ने अपनी ओर एकाएक खींच लिया जब यहां एक अंतर-सरकारी निकाय, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफ.ए.टी.एफ.) ने मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय शरारती लोगों द्वारा पसंद किए जाने वाले संदिग्ध स्थानों की अपनी ग्रे सूची से हटा दिया। दुबई को यूरोपियन अमीरों द्वारा तरजीह देने का एक और कारण यह है कि गाजा पट्टी पर चल रहे संघर्ष के बीच अब इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लड़ाई तेज हो गई है। इसकारण यूरोपियन अमीर तर्क देते हुए दिखाई देते हैं कि यह एक क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है।




नैरोबी में टेक्स बढ़ाये जाने के खिलाफ हुए प्रदर्शन में मारे गये लोगों को लेकर विरोध व्यक्त करता हुआ एक प्रदर्शनकारी।

## अमेरिका और ब्रिटेन में फिर से कोरोना की आहट... मास्क पहनना अनिवार्य

वॉशिंगटन। अमरीका और ब्रिटेन में कोविड की एक और लहर की संभावना है क्योंकि दोनों ही देशों से संक्रमण की सूचनाएं आ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की आबादी के एक कमजोर वर्ग को मास्क पहनने के निर्देश और टीकाकरण में भी तेजी लाई गई है। वहीं दूसरी ओर अमरीका में अटलांटिक के पार मामलों में वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि रोग नियंत्रण केंद्र (सी.डी.सी.) नए कोविड-19 वेरिएंट की निगरानी कर रहा है जिसे एल.बी.1 के रूप में नामित किया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों से वायरस प्रकोप पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। (यू.के.एच.एस.ए.) के अनुसार 26 जून को लगभग हर 25,000 ब्रिटिश नागरिकों में से एक कोविड-19 से संक्रमित था। मार्च 2020 में यह 13 में से एक था। रिपोर्ट के अनुसार संक्रमण में वृद्धि सांख्यिकीय रूप से मार्च 2020 की तुलना में बहुत कम है, जब पहली बार यू.के. में महामारी की सूचना दी गई थी। दो नए सब-वेरिएंट केपी.2 और केपी.1 को फ्लर्ट नाम दिया गया है। फ्लर्ट ओमिक्रॉन के सब-वेरिएंट्स का एक ग्रुप है और ये दोनों इस ग्रुप के अंदर ही आते हैं। केपी.1 और केपी.2 को फ्लर्ट उपनाम वैज्ञानिकों ने उनके म्यूटेशन के तकनीकी नाम के आधार पर दिया है। मार्च में, इन वेरिएंट की अमरीकी आबादी में केवल पांच प्रतिशत हिस्सेदारी थी। ब्रिटिश महामारी विज्ञान विशेषज्ञ पॉल हंटर के हवाले से कहा गया है कि उन्हें नहीं लगता कि वर्तमान कोविड-19 संक्रमण दर चिंताजनक है।

## क्या भारतीय मूल की कमला हैरिस होंगी अमेरिका की अगली राष्ट्रपति? सीएनएनके सर्वे में क्या नई बात सामने आई

**काठमांडू, (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस और डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के सात वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार, यदि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने इलेक्शन अभियान को जारी नहीं रखने का निर्णय लेते हैं, तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस उनकी जगह लेने के लिए शीर्ष विकल्प हैं। पिछले हफ्ते रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पहली बहस में बाइडेन के लड़खड़ाते, कभी-कभी असंगत और व्यापक रूप से प्रचारित प्रदर्शन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर चिंता की लहर पैदा कर दी है। बाइडेन को लेकर ये अटकलें चलने लगी हैं कि वह दूसरे कार्यकाल के लिए पर्यास रूप से फिट हैं या नहीं। समाचार एजेंसी के सूत्रों के अलावा, सीएनएन पोल ने भी दावा किया कि हैरिस के पास व्हाइट हाउस बरकरार रखने का बेहतर मौका है। एसआरएस द्वारा कराए गए सीएनएन



पोल के मुताबिक, ट्रंप बाइडेन से छह अंक आगे हैं।

सर्वेक्षण में हैरिस को एक काल्पनिक मुकाबले में ट्रम्प से काफी दूरी पाया गया है। पंजीकृत मतदाताओं में से 47 प्रतिशत ट्रम्प का समर्थन करते हैं, 45 प्रतिशत हैरिस को पंसद करते है जो बताता है कि ऐसे परिदृश्य में कोई स्पष्ट नेता नहीं है। ट्रम्प के खिलाफ हैरिस का थोड़ा मजबूत प्रदर्शन कम से कम आंशिक रूप से महिलाओं के व्यापक समर्थन पर निर्भर करता है (50प्र. महिला मतदाताओं ने ट्रम्प के मुकाबले हैरिस का समर्थन किया, जबकि 44त्र ने ट्रम्प के खिलाफ बाइडेन का समर्थन किया) और निर्दलीय (43त्र हैरिस बनाम 34प्र. बिडेन) का समर्थन किया।

कुछ प्रभावशाली डेमोक्रेट ने हैरिस के अलावा बिडेन के लिए विकल्प तैयार किए हैं, जिनमें लोकप्रिय कैबिनेट सदस्य और कैलिफोर्निया के गेविन न्यूसोम, मिशिगन के ग्रेचेन व्हिटमर और पेंसिल्वेनिया के जोश शापिरो जैसे डेमोक्रेटिक गवर्नर शामिल हैं। लेकिन नाम न छापने की शर्त पर इन सूत्रों ने कहा कि हैरिस को दरकिनार करने की कोशिश करना इच्छाधारी सोच है और यह लगभग असंभव होगा। सूत्रों ने कहा कि अगर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाता है, तो 59 वर्षीय हैरिस, बिडेन अभियान द्वारा जुटाए गए धन और अभियान के बुनियादी ढांचे को विरासत में ले लेंगी। सूत्रों ने कहा कि सभी विकल्पों में से उनके पास सबसे ज्यादा नाम पहचान है और डेमोक्रेट्स के बीच सबसे ज्यादा मतदान है, जिन्हें गंभीरता से उम्मीदवार माना जा सकता है।

## रुस जा रहे पीएम मोदी... इस बाहुबली के सौदे पर हो सकती बात



**मास्को (एजेंसी)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8-9 जुलाई को रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। पीएम मोदी की मास्?को यात्रा को इस नजरिए से देखा जा रहा है कि वे दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत और रूस की दोस्ती कमजोर नहीं हुई है। माना जा रहा है कि इस बातचीत के दौरान पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को लेकर चर्चा हो सकती है। पुतिन रूस के सुखोई-57 को लेकर पीएम मोदी से बातचीत कर सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी और पुतिन के बीच बातचीत में एक लॉजिस्टिक सप्?लाई समझौते को शामिल किया जा सकता है जो दोनों देशों की सेनाओं के बीच में होगा। इसके अलावा पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के संयुक्?त विकास पर फिर से बातचीत शुरू करने तथा परमाणु ऊर्जा पर सहयोग को बढ़ाने पर भी बातचीत होगी है। उन्होंने बताया कि दोनों ही देश फिर से रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं जो पेमेंट में दिक्कत और भारत के पश्चिमी प्रतिबंधों के डर की वजह से यह रुक गया था। अब रूस और भारत के बीच पेमेंट का विवाद खत्म हो गया है।

सूत्र बताते हैं कि भारत का पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए फिर से बातचीत शुरू करना कई कारणों से एक तर्कपूर्ण फैसला है। इस पांचवीं पीढ़ी के नए फाइटर जेट को सुखोई 57 के आधार पर ही बनाया जाना है। वहीं भारतीय वायुसेना दो सीटों वाले फाइटर जेट को चाहती थी। इस कारण भारत ने खुद को सुखोई-57 के प्रोग्राम से खुद को अलग कर लिया था। हालांकि बाद में इस खरीदने के विकल्प को भारत ने खुला रखा था। सूत्र ने कहा कि इसके बाद से रूस ने भारतीय वायुसेना की बताई हुई कमियों को दूर किया है और ऑपरेशनल टेस्टिंग की है। सुखोई 57 के ताजा वेरिएंट में दो इंजन है जो सुखाई को सुपरक्रूज क्षमता प्रदान करता है। भारत और रूस के बीच यह बातचीत तब शुरू हो सकती है जब चीन और पाकिस्तान दोनों ही रेडॉर की पकड़ में नहीं आने वाले फाइटर जेट को अपनी सेना में शामिल कर रहे हैं।

## अमेरिका में नजर आया यूएफओ, जो उड़ नहीं सड़क पर दौड़ रहा था

सैन फ्रांसिस्को। एलियंस होते हैं या नहीं, इसे लेकर सालों से बहस छिड़ी हुई है। लेकिन आजतक कोई सबूत नहीं मिला और न ही किसी आधिकारिक रुप से एलियंस होने या न होने की पुष्टि की गई है। वहीं सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो वायरल होते हैं, जिसमें एलियंस होने का दावा किया जाता है। अमेरिका में एलियंस के दिखने या यूएफओ स्पॉट की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। एक बार फिर एक ऐसी ही घटना सामने आई है। अमेरिका के मिसौरी में एक घटना घटी उसने वहां मौजूद लोगों को हैरान में डाल दिया। यहां सड़क पर एक यूएफओ जैसी चीज़ दौड़ती हुई दिखाई दी। सड़क पर यूएफओ उड़ नहीं रहा बल्कि दौड़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये अजीबोगरीब नज़ारा अमेरिकन राज्य मिसौरी की क्रॉफोर्ड काउंटी में हुई, जिसे पुलिस अधिकारियों ने सार्वजनिक किया है। यहां रोज़वेल फेस्टिवल के लिए जा रहे लोगों के बीच कार की जगह एक ऐसा वाहन दिखा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। ये यूएफओ की तरह था और उसके खुलने के लिए ऊपर की ओर ढक्कन भी था। पुलिस ने इसकी स्पीड की वजह से इसे रास्ते में ही रोक लिया, फिर यूएफओ जैसे इस वाहन से ड्राइवर के तौर पर एक इंसान निकला। पुलिस को ये समझते देर नहीं लगी कि ये ड्राइवर की क्रिएटिविटी है, जिसने कार को ही एक उड़न तश्तरी का लुक दे दिया है. फेसबुक पर ये घटना शेयर करते हुए पुलिस ने लिखा-'आप नहीं जान सकते हैं कि आपको क्रॉफोर्ड काउंटी में क्या मिल जाएगा। ये वास्तव में इस दुनिया से अलग की चीज़ है। उन्होंने कहा कि ये बेहद अजीब था लेकिन लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट दे गया। लोगों ने इस पोस्ट पर दिलचस्प रिएक्शन दिए और शख्स की खूब तारीफ की जिसने इस तरह की क्रिएटिविटी की है।

## ट्रंप पर कौन से मामले में चलेगा केस... तय करेगी भारतीय मूल की न्यायाधीश



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति की छूट पर फैसला सुनाया है। भारतीय मूल की न्यायाधीश तान्या चुटकन को यह तय करने के लिए छोड़ दिया है कि 2020 के चुनाव में जो बाइडेन से अपनी हार को पलटने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प के प्रयासों से जुड़े संघीय आपराधिक मामले में कितना आगे बढ़ सकते हैं। छुटकन को तय करना होगा कि ट्रंप के कौन से कार्य आधिकारिक थे और उन्हें मामले से बाहर रखा जाना चाहिए और कौन से निजी कार्य थे जिन पर मुकदमा चल सकता है। अदालत के फैसले में घोषित किया गया कि ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों के तहत कार्यों के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से व्यापक सुरक्षा प्राप्त है।

वाशिंगटन में अमेरिकी जिला न्यायालय में न्यायाधीश तान्या छुटकन को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने नियुक्त किया था। उनके पिता, विंस्टन चुटकन, इंडो-जमैका वंश के एक डॉक्टर हैं, और उनकी माँ, नोएल, एक अफ्रो-जमैका हैं, जो जमैका की नेशनल डांस थिएटर कंपनी में एक प्रमुख नर्तक थीं। रिपोर्ट के अनुसार तान्या चुटकन के परदादा को गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत से जमैका ले जाया गया था और उनके पिता का जन्म एक चीनी बागान में हुआ था।

वाशिंगटन में अमेरिकी जिला अदालत के न्यायाधीश छुटकन को सौंपी गई अदालत को विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा लाए गए चार-गिनती आपराधिक अभियोग पर इस छूट को लागू करने के जटिल कार्य का सामना करना पड़ता है।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनावः बाइडेन ने माना वह ट्रम्प से बहस करते समय सो गए थे

### - सर्वेक्षण : 45 फीसदी डेमोक्रेट चाहते हैं कि बाइडेन पद छोड़ दें

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर बहस का दौर जारी है जिसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बहस चल रही हैं। वहीं पिछले दिनों हुई एक को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने माना कि वह अपने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई बहस के दौरान सो गए थे और उनका कमज़ोर प्रदर्शन दुनिया भर में यात्रा करने और करीब 100 क्षेत्रों से गुज़रने के कारण जेट लैग के कारण हुआ था।

जो बाइडेन ने यह बात बहस में अपने खराब प्रदर्शन के बाद डेमोक्रेट्स के दबाव के बीच कही है, साथ ही नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव के बाद सत्ता में वापस आने पर चार और साल तक पद पर बने रहने की उनकी संज्ञानात्मक



क्षमता पर बढ़ते सवालों के बीच कही है। मंगलवार को मैकलीन, वर्जीनिया में एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि मेरी रात अच्छी नहीं रही। मैं बहुत होशियार नहीं था। मैंने बहस से पहले दुनिया भर में दो बार यात्रा करने का फैसला किया, जिसमें मैंने करीब 100 क्षेत्रों का दौरा किया। मैंने अपने स्टाफ की बात नहीं सुनी और वापस आकर मंच पर ही सो गया। यह कोई बहाना नहीं है, लेकिन यह एक स्पष्टीकरण है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन ने जून में सिर्फ़ दो हफ़्तों के अंतराल में फ्रांस और इटली की यात्रा की और फिर जी7 शिखर सम्मेलन से रातों-रात लॉस एंजिल्स के लिए उड़ान भरी, जहां वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए। 27 जून की बहस से पहले, उन्होंने इस आयोजन की तैयारी के लिए वाशिंगटन डी.सी. के पास कैंप डेविड में छह दिन बिताए, जो अमेरिकी राष्ट्रपतियों के लिए देश का एकांतवास है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने बाइडेन के खराब प्रदर्शन के लिए सर्दी को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडेन जो पहले से ही सबसे उम्रदराज अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, लेकिन वह पांच नवंबर को चुनाव जीतते हैं तो अगले साल शपथ लेने तक वह 82 साल के हो जाएंगे।

एक सर्वेक्षण में यह भी बताया कि 78 वर्षीय ट्रम्प और बिडेन को पंजीकृत मतदाताओं के 40 फीसदी का समर्थन मिला है, जो यह दर्शाता है कि बहस के बाद से बाइडेन ने अपनी जमीन नहीं खोई है। सर्वेक्षण में पाया गया कि 45 फीसदी डेमोक्रेट चाहते हैं कि बाइडेन पद छोड़ दें। प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक सांसद लॉयड डॉगेट पार्टी में पहले व्यक्ति बन गए जिन्होंने सार्वजनिक रूप से बाइडेन को पद छोड़ने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की बहस की पराजय उनकी कई उपलब्धियों का प्रभावी ढंग से बचाव करने में विफल रही।

## अमेरिका में दिखेगी राम मंदिर की झलक, 18 फीट ऊंची झांकी तैयार, 1.50 लाख लोग होंगे शामिल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** 18 अगस्त को न्यूयॉर्क में भारत दिवस परेड के दौरान अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की जाएगी। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क और उसके आसपास से हजारों भारतीय अमेरिकियों को आकर्षित करता है। यह पहला अवसर है जब राम मंदिर की प्रतिकृति संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रदर्शित की जाएगी। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) के महासचिव अमिताभ मित्तल के अनुसार, मंदिर की प्रतिकृति 18 फीट लंबी, नौ फीट चौड़ी और आठ फीट ऊंचाई होगी।

इस वर्ष 22 जनवरी को एक ऐतिहासिक क्षण में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पुजारियों के एक समूह के नेतृत्व में, अयोध्या में राम मंदिर में श्री राम लला की %प्राण प्रतिष्ठा% का वैदिक अनुष्ठान किया। भगवान राम की 500 वर्षों के बाद अपनी मातृभूमि में वापसी के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में देश के सभी प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक संप्रदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ऐतिहासिक मंदिर के उद्घाटन की अमेरिका सहित दुनिया भर में भारतीयों ने सराहना की।

### न्यूयॉर्क में भारत दिवस परेड

1981 से हर 15 अगस्त को, भारतीय अमेरिकी एक परेड की मेजबानी करके भारतीय स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। न्यूयॉर्क में वार्षिक भारत दिवस परेड भारत के बाहर भारत के स्वतंत्रता दिवस का सबसे बड़ा उत्सव है। आम तौर पर 150,000 से अधिक लोग वार्षिक परेड देखते हैं जो मिडटाउन न्यूयॉर्क में ईस्ट 38वीं स्ट्रीट से ईस्ट 27वीं स्ट्रीट तक चलती है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा आयोजित इस परेड में न्यूयॉर्क की सड़कों पर विभिन्न भारतीय अमेरिकी समुदायों और संस्कृति की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाली कई झांकियां दिखाई देंगी।



# चैम्पियंस ट्राफी : भारत-पाक मैच की तारीख आई सामने, बीसीसीआई की सहमति बाकी

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफमैच अगले साल एक मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें 10 मार्च 'रिजर्व डे' होगा।

पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 15 मैच का कार्यक्रम सौंप दिया है जिसमें भारत के मैच सुरक्षा और 'लाजिस्टिकल' कारणों से लाहौर में ही रखे गए हैं। नकवी को टी20 विश्व कप फाइनल देखने के लिए बारबाडोस में आमंत्रित किया गया था। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा, 'पीसीबी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें सात मैच लाहौर में, तीन मैच कराची में और पांच मैच रावलपिंडी में रखे गए हैं।'

सूत्र ने कहा, 'पहला मैच कराची में रखा गया है जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में जबकि फाइनल लाहौर में कराया जायेगा। भारत के सभी मैच (टीम के क्वालीफाई करने के स्थिति में सेमीफाइनल सहित) लाहौर में रखे गए हैं।' भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। हाल में आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने पीसीबी चेयरमैन नकवी से इस्लामाबाद में मुलाकात की थी।

इससे पहले विश्व संस्था की सुरक्षा टीम ने स्थल और अन्य इंतजामों का मुआयना किया था। पिछली बार पाकिस्तान ने 2023 में 'हाइब्रिड मॉडल' के हिसाब से एशिया कप की मेजबानी की थी जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा के बाहर यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी।

सूत्र ने कहा, 'आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी के प्रतिभागी देशों के (बीसीसीआई के इतर) सभी बोर्ड प्रमुखों ने पूरा समर्थन दिया है लेकिन बीसीसीआई सरकार से सलाह मश्विरा करके आईसीसी को अपडेट करेगा।' वहीं आईसीसी किसी भी बोर्ड को अपनी सरकार की नीति के खिलाफ जाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता जिससे यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में बीसीसीआई कब फैसला करता है।




# तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए तैयारी कर रही है सिंधु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु अब पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने की उपलब्धि अपने नाम करना चाहती हैं। सिंधु ने इससे पहले रियो और टोक्यो में रजत और कांस्य पदक जीते थे। ऐसे में सिंधु इस बार स्वर्ण जीतना चाहेंगी। सिंधु ने एक कार्यक्रम में कहा, ''यह चुनौतीपूर्ण है पर असंभव नहीं है।''

सिंधु का मानना है कि उन्हें ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें अपने कौशल को और निखारते हुए रणनीति बनानी होगी। उन्होंने कहा, ''तीसरे ओलंपिक में जाने से पहले मुझे और अधिक स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे अनुभव है पर इसके साथ ही स्मार्ट होना भी जरुरी है। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने पदक का रंग बदल सकती हूं और निश्चित रूप से देश के लिए एक और पदक जीत सकती हूं। '' सिंधु अभी जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोट्स्क्यूल में ट्रेनिंग कर रही हैं। वह 26 जुलाई को ओलंपिक शुरू होने से पहले सीधे पेरिस जायेंगी।

सिंधु ने कहा, ''शारीरिक और मानसिक रूप से मैं फिट हूं, बस मुझे स्मार्ट होना है और मेरे कोच अगुस द्वी सैंटोसो इसपर काम कर रहे हैं। मैं सभी स्ट्रोक्स पर काम कर रही हूं, चाहे वो डिफेंस हो, या अटैक या नेटप्ले। सभी चीजों में पारंगत होना जरुरी है। '' उन्होंने कहा, '' मैं सिर्फ एक स्ट्रोक या तकनीक पर फोकस नहीं कर रही हूं क्योंकि आप नहीं जानते कि क्या होने वाला है, जीत के लिए सभी प्रकार से खेलना आना चाहिये।

## टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का होगा रोड शो, फिर वानखेड़े में किया जाएगा सम्मानित

**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को खुली बस में रोड शो के बाद यहां वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। भारतीय टीम के गुरुवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर नयी दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'टीम बीसीसीआई द्वारा मुहैया कराई गई एयर इंडिया की विशेष विमान से बारबाडोस से रवाना हो गयी। बारबाडोस में फंसे भारतीय पत्रकार भी बीसीसीआई अध्यक्ष (रोजर बिन्नी) और सचिव (जय शाह) के साथ इसी फ्लाइट में आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'फ्लाइट कल सुबह दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरेगी। टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेगी। इसके बाद टीम मुंबई के लिए उड़ान भरेगी जहां उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।' शुक्ला ने कहा, 'नरीमन प्वाइंट से खुली बस में रोड शो कराया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को घोषित 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।' इसी तरह का रोड शो 14 साल पहले भी कराया गया था जब महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में शुरूआती विश्व टी20 के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को हुए 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज कर खिताब जीता था। स्थानीय प्रशासन और क्रिकेट अधिकारियों द्वारा अंतिम योजना तैयार की जा रही है। उम्मीद है कि टीम नरीमन प्वाइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक एक खुली बस में रोड शो करेगी, जहां बीसीसीआई का मुख्यालय भी है। भारतीय टीम के सदस्यों के लिए वानखेड़े में सम्मान समारोह की भी योजना बनाई गई है।

# हरारे के मैदान पर बड़े स्कोर बनाना चाहेगी भारतीय टीम

**हरारे (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भरी भारतीय क्रिकेट जिम्बाब्वे दौरे पर गयी है। इसमें मुख्य कोच की भूमिका पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण निभायेंगे। भारतीय टीम को इस दौर में पांच टी20 मुकाबले खेलने हैं। इसका पहला मुकाबला 6 जुलाई को होना है। सभी मैच हरारे के मैदान पर होने हैं जहां जमकर रन बनते हैं। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अब तक 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच हुए हैं। यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 25 मैच जीते, जबकि पीछा करने वाली टीम ने 19 मैच जीते हैं। हरारे में एक टीम का सबसे अधिक स्कोर 229 है। सबसे कम टीम स्कोर 90 है।




आयोजन स्थल पर औसत स्कोर 165 है। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य यहां बड़े स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ी अधिक से अधिक रन बनाकर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

भारतीय टीम ने हरारे में अब तक खेले 5 मुकाबले जीते हैं। दोनों टीमों ने आखिरी बार 8 साल पहले हरारे के मैदन पर एक साथ खेला था। तब केदार यादव ने 58 रन की पारी खेलकर भारत को 138 रन तक पहुंचाया था। इस मैच में मेजबान जिम्बाब्वे तीन रनों से हारी थी।

### सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है

पहला टी20 मैच : 6 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

दूसरा टी20 मैच : 7 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे


तीसरा टी20 मैच : 10 जुलाई, हरारे, शाम 9:30 बजे

चौथा टी20 मैच : 13 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

5वां टी20 मैच : 14 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

## वॉन ने बुमराह को सफेद गेंद प्रारुप का सबसे बेहतर गेंदबाज बताया

लंदन। आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सभी ने प्रशंसा की है। भारतीय टीम की जीत में बूमराह की अहम भूमिका रही है। वहीं अब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें सफेद गेंद क्रिकेट (सीमित ओवरों) का सबसे बेहतर गेंदबाज बताया है। वॉन ने कहा, अगर आप मुझे अच्छे तेज गेंदबाज की बात पूछेंगे तो हो सकता है कि वे वसीम अकरम या अन्य कई गेंदबाज होंगे पर अगर विशेष कौशल और क्षमता वाले गेंदबाज की बात करें तो वह बुमराह ही हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह के पास अलग ही क्षमता और तेजी है। वह दबाव के बीच भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने विश्व कप के 1 या 2 नहीं कई मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। बुमराह ने फाइनल में 4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 2 विकेट लिए। पूरे टूर्नामेंट की बात करें तो बुमराह ने 8 मैच में कुल 15 विकेट लिए। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर रहे। बुमराह ने जब भी जरुरत हुई टीम को सफलता दिलायी। उन्होंने जब से टीम में प्रवेश किया है टीम को प्रदर्शन शानदार रहा है।



## दक्षिण अफ्रीकी टीम मजबूत वापसी करेगी : मिलर




जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेविड मिलर टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली हार के बाद से ही बेहद निराश हैं। मिलर ने कहा कि इस प्रकार जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पाने को वह स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं हालांकि उनका मानना है कि टीम इस हार से उबरकर मजबूत वापसी करेगी। मिलर के अनुसार इस टीम में जुनून है और क्षमताएं हैं जिससे उसका स्तर बेहतर होता जाएगा। उनकी टीम ने इस विश्वकप में फाइनल से पहले के सभी मैच जीतकर दिखाया है कि उसे दबाव में भी खेलना आता है। मिलर ने लिखा, 'मैं बहुत निराश हूं, जो हुआ उसे मानना मेरे लिए काफी कठिन है। मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे हालांकि इस टीम पर बेहद गर्व है। फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान में कई करीबी मैचों में जीत दर्ज की पर टीम खिताबी मुकाबले में जीत के करीब होने के बाद अंतिम पांच ओवर में बिखर गई थी। मिलर ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में हमारा सफर शानदार रहा। हमने पूरे महीने कई उतार-चढ़ाव देखे। हमने कठिन हालातों का सामना किया। मैं हालांकि जानता हूं कि इस टीम में जज्बा है और वह अपना स्तर ऊंचा करती रहेगी। दक्षिण अफ्रीका को अंतिम पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे पर इसके बाद जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी से मैच में भारतीय टीम हावी हो गयी थी। अंतिम ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की जरूरत की और मिलर ने एक बड़ा शॉट खेला था पर सूर्यकुमार ने बेहद कठिन कैच पकड़कर मिलर को पेवेलियन वापस भेज दिया था।

# हार्दिक पंड्या ने वानिंदु हसरंगा से छीनी बादशाहत, भारतीय खिलाड़ी बना नंबर 1 ऑलराउंडर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को बड़ा फायदा हुआ है। दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से अहम योगदान निभाने वाले पंड्या ने वानिंदु हसरंगा को पछाड़ दिया है। जिसके बाद आईसीसी टी20 रैंकिंग में हार्दिक पंड्या दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बन गए हैं। ये पहली बार है जब हार्दिक पंड्या पहली बार आईसीसी टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किए हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत की तरफ से हार्दिक पंड्या ने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल किया। साथ ही उन्होंने आखिरी ओवर में 2 विकेट लिए और भारत को ये जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद हार्दिक पंड्या को आईसीसी से खास तोहफा मिला। आईसीसी टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में हार्दिक पंड्या ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के नंबर-1 का टैक छीन लिया। इसके अलावा टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ।




## अर्जेन्टीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम का ऐलान, मेस्सी को नहीं मिली जगह



ब्यूनस आयर्स - लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेस्सी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।

# पाक टीम की आलोचना को सही मानते हैं रिजवान




**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा है कि टी20 विश्वकप क्रिकेट में जितना खराब प्रदर्शन टीम ने किया है। उसको देखते हुए टीम की जिस प्रकार से आलोचना हो रही है। उसमें कुछ भी गलत नहीं है। रिजवान ने कहा कि टीम से लोगों का काफी उम्मीदें पर उसने वो तोड़ दीं। विश्वकप में पाक टीम अपने पहले ही मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई और सुपर ओवर में उसे अमेरिका के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इसके बाद भारत के हाथों भी उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व क्रिकेटरों ने उसके खरी खोटी सुनाई है। रिजवान ने कहा कि टीम के साथ जो व्यवहार हो रहा है उसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि उम्मीद के अनुसार नहीं खेलने के कारण हम इस व्यवहार के ही हकदार हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा कि हम भी टी20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से निराश हैं। हमारी हार के पीछे कई कारण हैं। जब कोई टीम हारती है तो कोई ये नहीं कह सकता कि उसकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी अच्छी चल रही है।

## बजरंग ने नाडा पर लगाये गंभीर आरोप

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने आरोप लगाया है कि नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) उनका करियर समाप्त करना चाहती है। इसलिए उन्हें एक ही मामले को लेकर दो-दो बार निलंबित किया गया है। बजरंग के अनुसार नाडा ने सभी तथ्यों को परे रखकर काम किया है। इससे साफ है कि उन्हें परेशान कर खेल छोड़ने के लिए विवश किया जा रहा है। बजरंग को नाडा ने पहले 5 मई और उसके बाद 23 जून को दोबारा निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही उन्हें नोटिस देकर 11 जुलाई तक जवाब देने को कहा है। वहीं बजरंग ने कहा कि नाडा नहीं चाहता कि कोई उनके गलत तरीकों पर सवाल उठाए और अगर कोई ऐसा करता है तो उसे निशाना बनाकर बाहर कर दिया जाता है। साथ ही सवाल किया कि नाडा एक्सपायर हो चुकी किट के बारे में जवाब क्यों नहीं देता है। वो इस बात का जवाब क्यों नहीं देते हैं कि कैसे एक गलत किट उन्हें दी गयी। इसके अलावा सैंपल कलेक्शन के लिए मुझपर दबाव बनाया। नाडा इस बात का जवाब क्यों नहीं देता कि दो मैचों के बीच सैंपल कलेक्शन के लिए मुझपर दबाव दिया गया, जबकि उन्हें पता था कि मेरे पास अगली कुश्ती की तैयारी करने के लिए केवल 20 मिनट थे। वहीं नाडा का कहना है कि बजरंग को जांच के लिए सैंपल नहीं देने के लिए निलंबित किया गया था।



# पेरिस डाइमंड लीग मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी : नीरज चोपड़ा

**सारब्रकेन (जर्मनी) (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 'एक्स' पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा, 'सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए- पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे 'नाम वापस' नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।'

पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी। एएफआई ने कहा था कि घरेलू प्रतियोगिता और सात जुलाई को डाइमंड लीग के बीच कम समय होने के कारण उन्हें यह छूट दी गई।

एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था, 'हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा। लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके (चोपड़ा) लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है।''

चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था, 'हमारे बीच चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच काफी कम समय है।'

उन्होंने कहा, 'मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। इसके अलावा राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (सात जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया।' चोपड़ा ने कहा, 'आगे के प्रतियोगिता कैलेंडर पर फैसला हालात और शरीर की स्थिति के अनुसार किया जाएगा। अन्यथा, मैं यहां से पेरिस (तुर्कु में प्रतिस्पर्धा के बाद) जाऊंगा।'



# सेंसेक्स और निफ्टी ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणी से ब्याज दर में कटौती शुरू होने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स और निफ्टी ने फिर नया रिकॉर्ड कायम किया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 545.35 अंक अर्थात 0.69 प्रतिशत की छलांग लगाकर 79,986.80 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 162.65 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,286.50 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.86 प्रतिशत उछलकर 46,802.84 अंक और स्मॉलकैप 0.86 प्रतिशत चढ़कर 53,441.93 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2355 में तेजी जबकि 1566 में गिरावट रही वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयर मजबूत जबकि नौ के कमजोर रहे वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में तेल एवं गैस की 0.03 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी रही। इससे कमोडिटीज 0.66, सीडी 0.20, ऊर्जा 0.13, एफएमसीजी 0.81, वित्तीय सेवाएं 1.55, हेल्थकेयर 0.73,



इंडस्ट्रियल्स 1.09, आईटी 0.17, दूरसंचार 1.44, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 0.26, बैंकिंग 1.75, कैपिटल गुड्स 0.98, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.03, धातु 0.97, पावर 0.96, रियल्टी 0.26, टेक 0.17 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.18 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़त का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.54, जर्मनी का डैक्स 0.94, जापान का निक्केई 1.26 और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 572 अंक की तूफानी तेजी के साथ पहली बार 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,013.77 अंक पर खुला लेकिन ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से थोड़ी देर बाद ही 79,754.95 अंक के निचले स्तर तक उतर गया।

वहीं, फिर लिवाली होने से दोपहर से पहले 80,074.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,441.45 अंक के मुकाबले 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,986.80 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 168 अंक चढ़कर 24,291.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,207.10 अंक के निचले जबकि 24,309.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,123.85 अंक की तुलना में 0.67 प्रतिशत उछलकर 24,286.50 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जो कंपनियां लाभ में रहीं उनमें अडानी पोर्ट्स 2.49, कोटक बैंक 2.37, एचडीएफसी बैंक 2.18, एक्सिस बैंक 2.07, इंडसइंड बैंक 1.82, एसबीआई 1.66, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.49, पावरग्रिड 1.41, बजाज फाइनेंस 1.25, टाटा स्टील 1.06, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.01, बजाज फिन सर्व 0.96, आईसीआईसीआई बैंक 0.91, आईटीसी 0.73, मारुति 0.68, एनटीपीसी 0.62, सन फार्मा 0.46, इंफ़ोसिस 0.41, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.38, अल्ट्रासिमको 0.38, टेक महिंद्रा 0.37, नेस्ले इंडिया 0.34, भारती एयरटेल 0.24 और एचसीएल टेक 0.09 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टीसीएस 1.27, टाइटन 1.14, रिलायंस 0.86, टाटा मोटर्स 0.54, एलटी 0.26 और एशियन पेंट के शेयर 0.03 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## इकोन ने अहमदाबाद में किया 'मास्टरबोर्ड' लॉन्च

अहमदाबाद। होम इंटीरियर्स, एक्सटीरियर्स और साइनेज के लिए इनोवेटिव बिल्डिंग मटेरियल्स का उत्पादन करने के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध इकोन ने गुजरात के अहमदाबाद में अपना फ्लैगशिप प्रोडक्ट 'मास्टरबोर्ड' मंगलवार को लॉन्च किया जो निर्माण, नवीकरण और साइनेज के लिए उच्च मानक स्थापित करेगा।

इकोन के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार तायलिया ने बताया कि इकोन अब भारतीय बाजार में विस्तार करने जा रहा है। 25 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव और वैश्विक उपस्थिति के साथ,इकोन का लक्ष्य इको-फ्रेंडली और अत्याधुनिक उत्पादों के साथ भारत के निर्माण और गृह सजावट क्षेत्र में एक नई क्रांति लाना है। उन्होंने बताया कि भारत में पांच चरणों के विस्तार योजना के साथ, इकोन एक विशाल वितरण नेटवर्क स्थापित करने जा रहा है, जिसकी शुरुआत गुजरात से होगी। रेसिडेंशियल, व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय ग्राहकों की बदलती मांग को पूरा करने के लिए

ECHON
A Product of Kumar Arch Tech Pvt. Ltd.

इकोन सुसज्जित है। इस लॉन्च का मुख्य आकर्षण उनकी फ्लैगशिप प्रोडक्ट मास्टरबोर्ड है, जो निर्माण, नवीकरण और साइनेज के लिए उच्च मानक स्थापित करेगा। इन उत्पादों की विशेषता उनकी मजबूती, किफायती लागत और आधुनिक डिज़ाइन है, जिन्हें भारत की रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं।

इकोन के मैनेजिंग डायरेक्टर शुभम तायलिया ने ग्लोबल मार्केट में बिक्री को बढ़ाते हुए, भारत की उत्पादन क्षमता से लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। उनके शब्दों में, विश्वभर में अग्रणी रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सप्लाई करते हुए, हमारी कैटेगरी में आने वाले, भारत के विशाल निर्यातकों में से एक होने पर इकोन को गर्व है। आधुनिक तकनीक और डबल डिजिट ग्रोथ के साथ, हमने एक विश्वसनीय लीडर की पहचान बनाई है। इकोन ग्लोबल लीडर्स के पास से कच्चा माल लेकर श्रेष्ठतम ग्लोबल मल्टी-बिलियन एमएनसी रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सप्लाई करता है।

हम निरंतर लंबे समय तक प्रतिभाशाली व्यक्तिओं के साथ कार्यरत रहकर, जिनमें से कुछ 15 से 25 वर्षों से जुड़े हुए हैं, विश्वस्तरीय प्रोडक्ट्स का उत्पादन करते हैं, जिसकी शुरुआत 1998 में केवल 10 एसकेयू के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ हुई थी, जो मांग और निरंतर इनोवेशन के परिणामस्वरूप आज 900 एसकेयू तक पहुंच गया है और जिसकी सप्लाई इकोन बहुत ही कम समय में करता है,जो इकोन की एक खास विशेषता है।

## पीएम ने राज्यसभा में सुधा मूर्ति का किया धन्यवाद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति की भी प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं से जुड़े अहम मुद्दे सदन में उठाने के लिए इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व चेयरपर्सन सुधा मूर्ति का धन्यवाद किया। समाजसेवी, लेखिका और इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व चेयरपर्सन रहीं सुधा मूर्ति ने 2 जुलाई को राज्यसभा में अपने पहले संबोधन में सरकार की ओर से प्रायोजित टीकाकरण कार्यक्रम की वकालत की थी। अपने भाषण में मूर्ति ने मनु स्मृति के एक प्रसिद्ध श्लोक का पाठ किया- यत्र नर्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता, यत्रितास्तु न पूज्यन्ते सर्वस्तत्रफला: क्रिया:। मतलब जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है, वहाँ देवत्व खिलता है, और जहाँ भी स्त्रियों का अपमान होता है, वहाँ सभी कर्म चाहे कितने ही महान क्यों न हों, निष्फल रहते हैं। सुधा मूर्ति ने कहा कि किसी भी परिवार में अगर मां अगर चली गई तो उसकी कोई क्षतिपूर्ति नहीं।

## अमेजन इंडिया का प्राइम डे सेल 20 और 21 जुलाई को

ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया ने आज प्राइम डे के 8वें संस्करण की घोषणा की है। प्राइम डे सेल की शुरुआत 20 जुलाई को रात 12 बजे से होगी और यह 21 जुलाई को रात 11: 59 मिनट तक चलेगी।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारत में दो दिनों तक चलने वाला यह उत्सव प्राइम मेंबरों को खुशियों को खोजने, अद्वितीय शॉपिंग डील्स तक पहुंचने, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, बचत और अन्य की पेशकश करेगा। स्मार्टफोन से लेकर टीवी, एप्लाएंसेस, फैशन और ब्यूटी, ग्रॉसरी और दैनिक उपयोगी वस्तुओं, अमेजन डिवाइस, होम एंड किचन, फर्नीचर से लेकर दैनिक आवश्यक वस्तुओं आदि तक में , प्राइम मेंबर्स नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील्स, बेहतरीन मनोरंजन और बचत का लुत्फ उठा सकेंगे। अमेजन प्राइम, डिलीवरी एंड रिटर्न एक्सपीरियंस भारत और उभरते बाजार के निदेशक एवं प्रमुख अक्षय साही ने कहा, प्राइम डे उस मूल्य का जश्न है जिसे हम अपने प्राइम मेंबर्स के लिए हर साल लेकर आते हैं। हम प्राइम मेंबर्स को दो दिनों तक शानदार डील्स और बचत, 450 से ज्यादा ब्रांड्स की ओर से हजारों नए उत्पादों की पेशकश, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन आदि प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। केवल इतना ही नहीं, प्राइम मेंबर्स पूरे भारत में लाखों उत्पादों के लिए कहीं से भी किए गए ऑर्डर पर सेम डे और नेक्स्ट डे डिलीवरी का आनंद उठा सकेंगे। इस प्राइम डे पर, अमेजन स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस को अपना समर्थन देना जारी रखेगा और प्राइम मेंबर्स को लाखों विक्रेताओं, विनिर्माताओं, स्टार्टअप और ब्रांड, महिला उद्यमी, कारीगर, बुनकर और स्थानीय दुकानों से उत्पादों की पेशकश करेगा।

इवेंट के दौरान, लोकल शॉप्स ऑन अमेजन, लॉन्चपैड, इलेक्ट्रॉनिक्स, और होम डेकोर जैसी श्रेणियों में अनूठे उत्पादों पर ऑफर का अवसर भी मिलेगा।

## लखनऊ और वाराणसी में बनेंगे बहुउद्देश्यीय मंडपम

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश में एमएसएमई को प्रोत्साहन देने की कवायद में उद्यमियों की सुविधा के लिये लखनऊ और वाराणसी में बहुउद्देश्यीय हाल खोले जायेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में औद्योगिक निवेश के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के क्रम में इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन एवं एमएसएमई के मध्य समझौता ज्ञापन किए जाने को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि जिस तरह से राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम बना है, उसी तरह लखनऊ और वाराणसी में इस प्रकार का बड़ा कंवेंशन सेंटर या मल्टीपरपस हॉल बनाया जाएगा जहां एमएसएमई से जुड़े लोग अपने-अपने उत्पादों का डिस्प्ले कर सकेंगे। उन्होने बताया कि इसके माध्यम से न सिर्फ औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि एमएसएमई से जुड़े लोगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इसके माध्यम से प्रदेश में एमएसएमई के उत्पादन को बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा। गौरतलब है कि दिल्ली में निर्मित भारत मंडपम में आईटीपीओ द्वारा उत्कृष्ट कोटि की अवस्थापनात्मक सुविधा स्थापित की गई है, जहां निरंतर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेलों का आयोजन किया जाता है।

## एआई मिशन होगा शीघ्र शुरू : अश्विनी वैष्णव

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के हाल के चुनाव में हुये दुरूपयोग पर चिंता जताते हुये आज कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन की शुरू किया जायेगा।

वैष्णव ने बुधवार को यहां ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में कहा हाल के आम चुनावों में, हमने देखा है कि गलत सूचना, भ्रामक जानकारी और फर्जी खबरें कितना बड़ा खतरा हो सकती हैं। एआई की शक्ति से यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो केवल हम अनुभव कर रहे हैं, पूरी दुनिया ने इसका अनुभव किया है। हर समाज और सरकार एआई पर आधारित नए जोखिमों के उभरने से एक ही खतरा महसूस कर



रही है। सोसायटी बहुत ही व्यवस्थित और सोच-समझकर जवाब दे रहा है।

उन्होंने कहा जैसा कि हम एआई की क्षमता को देखते हैं, हमें सामूहिक रूप से एक रास्ता निकालने की भी जरूरत है, और हमें प्रौद्योगिकी पर क्या सीमाएं लगाने की जरूरत है, इसे हमारे सामाजिक और लोकतांत्रिक संस्थानों के साथ कैसे ठीक से एकीकृत किया जा सकता है, इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

वैष्णव ने इसके बाद आने पर कहा, भारत एआई के लिए वैश्विक भागीदारी की अध्यक्षता कर रहा है। इस पूरे वर्ष में, बहुत सारे कार्यक्रम हुए हैं, जहाँ एआई की क्षमता और जोखिमों को कम करने के लिए सोसायटी द्वारा उठाए जाने वाले संबंधित तकनीकी-कानूनी कदमों पर विचार-विमर्श किया गया है। कई देशों में, एआई से संबंधित जोखिमों को कम करने से संबंधित बहुत सारी गतिविधियाँ हुई हैं। एक विनियमन है और यूरोपीय संघ में एक कानून पारित किया गया है। अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पारित किया है। वैश्विक स्तर पर, संयुक्त राष्ट्र ने एआई के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए एक अलग निकाय की स्थापना की है।

उन्होंने कहा कि इसलिए यह इस शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख फोकस होगा। दूसरा बड़ा फोकस यह होगा कि समाज एआई की क्षमता का कैसे उपयोग करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि तकनीक का लोकतंत्रीकरण किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुछ महीने पहले भारत के एआई मिशन को मंजूरी दी थी। मंत्रालय भारत एआई मिशन की स्थापना के लिए कार्य पर काम कर रहा है। आने वाले कुछ महीनों में मिशन शुरू हो जायेगा ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा, फार्मास्यूटिकल्स और इन सभी क्षेत्रों में एआई की शक्ति और क्षमता का दोहन किया जा सके।

## गुजरात, राजस्थान की तर्ज पर यूपी में लागू होगा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट

लखनऊ। गुजरात,राजस्थान और कर्नाटक के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रदेश में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) एक्ट को लागू करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट के इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। कैबिनेट के इस निर्णय की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर ने पत्रकारों को बताया कि इस एक्ट को निर्माण (नोडल इन्वेस्टमेंट रीजन फॉर मैन्युफैक्चरिंग) एक्ट नाम दिया गया है। इसके माध्यम से देश और दुनिया के बड़े-बड़े निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सकेगा। सरकार के इस निर्णय से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आर्थिक विकास को गति मिलेगी, जबकि जन सामान्य को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होने बताया कि इस तरह का एक्ट अभी तक तीन राज्यों में है,जिनमें गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं। इस तरह इस एक्ट को लागू



करने वाला यूपी देश का चौथा राज्य बन जाएगा। उन्होंने बताया कि जो स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन होते हैं वो बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन होते हैं, जहां पर क्लस्टर डेवलपमेंट होता है और साथ ही जो पावर स्टेट गवर्नमेंट में या बाकी डिपार्टमेंट्स में निहित होती हैं। उन्हें अथॉरिटी लेवल पर डिसेंट्रलाइज कर दिया जाता है। ऐसा करने से दो लाभ होते हैं, पहला जो मास्टर प्लानिंग हो उसमें यदि कोई बदलाव करना हो तो वहीं पर किया जा सकता है और दूसरा जितने भी एनओसी और क्लियरेंस जारी होते हैं जिनके लिए प्रदेश स्तर तक आना होता है वो शक्तियां भी डिसेंट्रलाइज हो जाती हैं।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की अवधारणा के अनुरूप जितना डिसेंट्रलाइजेशन होगा। उतना ही अच्छी तरह से हम इन्वेस्टर्स को सर्विस दे पाएंगे। सागर ने बताया कि प्रदेश सरकार का यह एक्ट बनाने का मकसद बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन बनाना और उन्हें कानूनी संरक्षण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसके लिए आवश्यक है कि हमें बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने होंगे। उन्होंने बताया कि अभी हमने एक्ट में इन्वेस्टमेंट के लिए लैंड की मिनिमम लिमिट निर्धारित नहीं की है, लेकिन जैसे हमने बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की स्थापना की है, जिसके लिए 5 हजार हेक्टेयर का एरिया रखा है उसी तरह स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन में भी बड़ा एरिया रखा जाएगा।

## एनएलसीआईएल का लिग्नाइट उत्पादन 22.12 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में लिग्नाइट उत्पादन इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 50.54 लाख टन के मुकाबले 22.12 प्रतिशत बढ़कर 61.72 लाख टन हो गया। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में उसने 50.54 लाख टन लिग्नाइट का उत्पादन किया था, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 22.12 प्रतिशत बढ़कर 61.72 लाख टन हो गया। इसी तरह आलोच्य अवधि में उसका कोयला उत्पादन 21.04 लाख टन की तुलना में 35.27 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 28.46 लाख टन पर पहुंच गया। इस तरह उसका लिग्नाइट और कोयला उत्पादन 71.58 लाख टन से 25.98 प्रतिशत बढ़कर 90.18 लाख टन हो गया। इस अवधि में कंपनी का सकल विद्युत उत्पादन 6,843.09 मेगा यूनिट की तुलना में 10.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 7,553.62 मेगा यूनिट पर पहुंच गया।

## दिल्ली बाजार :जिंसों में टिकाव



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 4135 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट उतरकर 47.45 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 6700-6800, दाल चना 7700-7800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 10300-10400, उड़द दाल 12500-12600, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4100-4200, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4450-4550 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 13113 रुपये, मूंगफली तेल 19560 रुपये, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये, सोया रिफाइंड 12160 रुपये, पाम ऑयल 8866 रुपये और वनस्पति तेल 11233 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## शार्ट न्यूज

### बीते 12 वर्षों में 12 फीसदी से ज्यादा घटी गरीबी

नई दिल्ली। देश में बीते कुछ वर्षों में गरीबी कम होने के संकेत मिले हैं। आर्थिक मामलों के थिंक टैंक एनसीएईआर के एक शोध पत्र के अनुसार महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनसीएईआर के सोनाल्दे देसाई द्वारा लिखे गए पेपर रिथिंकिंग सोशल सेफ्टी नेट्स इन ए चेंजिंग सोसाइटी में भारत मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस) के वेव 3 के डेटा के साथ-साथ आईएचडीएस के वेव्स 1 और वेव्स 2 के डेटा का उपयोग किया गया है। आईएचडीएस के निष्कर्षों के अनुसार ... 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में काफी गिरावट आई (38.6 से 21.2 के प्रति व्यक्ति अनुपात से) और महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद 2011-12 और 2022-24 (21.2 से 8.5) के बीच इसमें गिरावट जारी रही।% दस्तावेज में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि और गरीबी में गिरावट एक गतिशील माहौल बनाती है जिसके लिए फुर्तीले सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है। दस्तावेज में कहा गया है कि सामाजिक बदलाव की गति के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां चलना भारत के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी क्योंकि यह देश सभी के लिए समान विकास का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में प्रयासरत है।

### नए कारोबार और निर्यात बढ़ने से भारत के सेवा क्षेत्र में मजबूती आई

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बिक्री में अभूतपूर्व विस्तार तथा नए ऑर्डरों में जोरदार वृद्धि के बीच देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जून में तेज हुई जो मई में पांच महीने के निचले स्तर पर थी। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई के 60.2 से बढ़कर जून में 60.5 पर पहुंच गया। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार का मतलब है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के सेवा क्षेत्र में गतिविधि वृद्धि जून में तेज हुई, सूचकांक 0.3 पीपीटी (प्रतिशत अंक) बढ़कर 60.5 हो गया, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों नए ऑर्डरों में वृद्धि हुई। इसने सेवा क्षेत्र के फर्मों को अगस्त 2022 के बाद से सबसे तेज गति से अपने कर्मचारियों के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। मांग की ताकत और नए व्यवसाय से विकास को बढ़ावा मिला। भारतीय सेवा प्रदाताओं को मिले नए ऑर्डर जून में लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे विस्तार का मौजूदा क्रम करीब तीन साल का हो गया है। अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स में भी रिकॉर्ड विस्तार हुआ। एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व और अमेरिका सभी जगहों से भारतीय सेवा क्षेत्र को काम मिला। ग्राहकों की सकारात्मकता ने भारत में सेवा प्रदाताओं को पहली वित्तीय तिमाही के अंत में अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती के लिए प्रोत्साहित किया।

### पांच बैंकों में एफडी पर मिलेगा अब ज्यादा ब्याज, नई दरें एक जुलाई से लागू

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र का एक्सिस बैंक अब तीन करोड़ रुपये के जमा पर 17-18 महीने की अवधि के लिए अपने ग्राहकों को 7.20 फीसदी ब्याज देगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह दर 7.75 फीसदी है। दो साल की अवधि के एफडी पर 7.10 फीसदी ब्याज मिलेगा। बैंक सामान्य नागरिकों को एफडी पर तीन से 7.2 फीसदी के बीच ब्याज दे रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह दर 3.50 फीसदी से 7.75 फीसदी के बीच है। बैंक एक जुलाई से अपने ग्राहकों को तीन करोड़ रुपये तक की एफडी पर 3.75 से लेकर 6.50 फीसदी तक ब्याज दे रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दर सर्वाधिक 8.75 फीसदी है, जो 0.50 प्रतिशत ज्यादा है। बैंक की वेबसाइट के मुताबिक, एक जुलाई से उसने भी एफडी पर ब्याज दरों में बदलाव लागू कर दिया है। इसके तहत तीन करोड़ रुपये से कम के जमा पर बैंक अपने ग्राहकों को 15 महीने से दो साल की अवधि के लिए 7.20 फीसदी तक ब्याज देगा। एक साल की अवधि के जमा पर वह 6.7 फीसदी ब्याज दे रहा है। ब्याज की सबसे कम दर 3.50 फीसदी है। वरिष्ठ नागरिकों को बैंक 7.75 फीसदी तक ब्याज देगा। बैंक ऑफ इंडिया की नई दरें 30 जून से लागू हैं। यह वरिष्ठ नागरिकों को 666 दिन की अवधि के लिए जमा पर 7.80 फीसदी तक ब्याज दे रहा है।

### बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट; सोना 122 रुपये टूटा, चांदी 81 रुपये फिसली



नई दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती पर अनिश्चितता के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मंदी के रुख को देखते हुए मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में अगस्त डिलीवरी वाला सोना 122 रुपये या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,532 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान दौरान कीमती धातु 71,432 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गई। हाजिर और वायदा बाजार में चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई। एमसीएक्स पर सितंबर डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध 81 रुपये की गिरावट के साथ 89,669 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। मंगलवार को मुंबई के हाजिर बाजार में सोना 71,692 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी में 88,015 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार होता दिखा। बाजार सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के स्थानीय बाजारों में कीमती धातु 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर लगभग स्थिर रही। चांदी में कारोबार 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर होता दिखा। सोने की कीमतें एक सीमित दायरे में दिखी। इससे बाजार सहभागियों को बढ़त मिली।

### रियल एस्टेट में निवेश तीन साल के उच्च स्तर पर

इस साल पहली तिमाही में सुस्त शुरुआत के बाद दूसरी तिमाही में रियल एस्टेट में निवेश ने गति पकड़ ली है। दूसरी तिमाही में इस क्षेत्र में संस्थागत निवेश 3 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इस निवेश में आधे से ज्यादा हिस्सेदारी औद्योगिक व वेयरहाउसिंग सेक्टर की रही। दूसरी तिमाही में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 81 फीसदी रही। घरेलू निवेशकों ने भी पिछले साल की दूसरी तिमाही से 2.8 गुना अधिक निवेश किया। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म कोलियर्स के मुताबिक 2024 की दूसरी तिमाही में रियल एस्टेट सेक्टर में 2.5 billion dollar (बिलियन डॉलर) का निवेश हुआ, जो 2021 के बाद से किसी भी तिमाही में सबसे अधिक है। जाहिर है तिमाही आधार पर निवेश तीन साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में निवेश में 154 फीसदी इजाफा हुआ है। पहली तिमाही में करीब एक बिलियन डॉलर का निवेश हुआ था। इस साल की पहली छमाही में निवेश पिछले साल की पहली छमाही की तुलना में 6 फीसदी गिरावट के साथ 3.52 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया।

### हरित ऊर्जा क्षेत्र को आगामी केंद्रीय बजट से नीतिगत मदद और कर लाभ की उम्मीद

भारत में हरित ऊर्जा को अपनाने में तेजी के दौर में बिजली क्षेत्र आगामी केंद्रीय बजट से अधिक नीतिगत मदद और कर लाभ की उम्मीद कर रहा है। इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के अधिकारीगण नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला और अन्य नए क्षेत्रों जैसे हरित हाइड्रोजन, अपतटीय पवन और ऊर्जा भंडार क्षेत्रों की जीएसटी दरों में बदलाव तथा परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। हीरो फ्यूचर एनर्जीज के वैश्विक कार्याधिकारी श्रीवत्सन अय्यर ने कहा कि हरित ऊर्जा उद्योग नवीकरणीय ऊर्जा के घटकों में जीएसटी दरें घटने की उम्मीद कर रहा है। अय्यर ने बताया, 'सोलर मोड्यूल, पवन ऊर्जा टर्बाइन और इलेक्ट्रोलाइजर पर जीएसटी की मौजूदा दर को घटाकर पांच फीसदी लाने पर परियोजनाओं की लागत घट जाएगी और इससे पूरे देश में नवीकरणीय ऊर्जा व हाइड्रोजन की ग्राहकों के लिए लागत कम होगी।' उन्होंने बताया कि सोलर सेल व मॉड्यूल और हरित हाइड्रोजन से जुड़ी परियोजनाओं पर सीमा शुल्क कम करने या घटाने से सौर परियोजनाओं की आर्थिक व्यवहार्यता बढ़ेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in